नव प्रदेश

www.navpradesh.com रायपुर, गुरुवार 2 सितंबर 2021, कृष्ण पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-202 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

सीएम बघेल के नाम से शुरू हुई छत्तीसगढ़ में ओबीसी की गिनती

ओबीसी को 27 फीसद आरक्षण देने की कवायद

रायपुर (वार्ता) (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ में अन्य पिछड़ा वर्ग(ओबीसी) तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की गणना हेतु सर्वे कार्य आज से शुरू हो गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां आयोजित कार्यक्रम में राज्य की जनसंख्या में अन्य पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की गणना हेतु छत्तीसगढ़ क्वांटीफायबल डाटा आयोग के मोबाइल एप और वेब पोर्टल लांच किया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उच्च न्यायलय के आदेश का परिपालन

सीएम बघेल ने इस अवसर पर कहा कि समाज के हर वंचित तबके तक न्याय पहुंचाना और सभी वर्गों के लिए हर तरह के अवसरों की समानता निर्मित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।उन्होने कहा कि कहा कि राज्य सरकार द्वारा 04 सितंबर 19 को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सर्वे के लिए सुपरवाइज़र नियुक्त

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि आयोग अपने काम को सुव्यवस्थित और सटीक तरीके से पूरा कर सके इसके लिए पोर्टल और मोबाइल एप का निर्माण किया गया है। जिसका आज लोकार्पण किया गया। यह मोबाइल एप आयोग के साथ-साथ आवेदकों के लिए भी काफी सुविधाजनक होगा, और एक पारदर्शी व्यवस्था के साथ पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों की गणना हो सकेगी।

मप्र हाई कोर्ट ने रखा रोक

मध्यप्रदेश में 27 फीसद ओबीसी आरक्षण मामले में हाई कोर्ट में सभी याचिकाओं पर सुनवाई बुधवार को हुई। मध्यप्रदेश के सॉलिसिटर जनरल सरकार का पक्ष कोर्ट में रखा। हाईकोर्ट ने ओबीसी के लिए 27 फीसद आरक्षण पर रोक बरकरार रखी है। हाईकोर्ट ने किसी भी तरह का अंतरिम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एप में लॉगिन के चार विकल्प

सीएम भूपेश ने कहा कि मोबाइल एप को इंस्टाल करने के बाद एप में आवेदक को पंजीयन करना होगा। पंजीयन के लिए एप में लॉगिन के चार विकल्प दिये गये हैं। आधार कार्ड, राशन कार्ड नंबर, राशन कार्ड के मुखिया के मोबाइल नम्बर अथवा आवेदक के स्वयं के मोबाईल नंबर के आधार पर एप में लॉगिन किया जा सकता है। लॉगिन के बाद एप में एक प्रपत्र में आवेदक से संबंधित जानकारी जानकारी भरकर अपलोड करना होगा। अपलोड की गई जानकारी संबंधित आवेदक के ग्राम पंचायत, नगर पंचायत अथवा नगरीय निकाय के वार्ड के लिए नियुक्त सुपरवाईजर के पास स्वयं ही फारवर्ड हो जाएगी।

आज बेबाक

कर चले हम फिदा जान-ओ-तन साथियों, अब तुम्हारे हवाले अफगानिस्तान तालिबानियों... गाते हुए सुपर पावर कहलाने वाले अमेरिका की सेना लौट के बुद्धु घर को आए वाली कहावत को चरितार्थ कर गई। अफगानियों को तालिबानी आतंक के साए में छोड़कर वो लौट गई। अपने असफल अभियान को सफल बताते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन अब दावा कर रहे है कि अगर अफगानिस्तान की जमीन का उपयोग आतंकवाद के लिए किया गया तो अमेरिका खामोश नहीं रहेगा। जो बाईडेन ने बंदर के हाथ में उस्तरा पकड़ा दिया है और उम्मीद कर रहे है कि वो किसी का गला नहीं काटेगा।

खास-खबर

अरमान कोहली को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

घर से मिली थी कोकेन

नई दिल्ली। ड्रग्स मामले में चल रही पड़ताल के बीच कई नामी हस्तियों से पूछताछ हो चुकी हैं। वहीं, बीते दिनों इस केस में एक्टर अरमान कोहली को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गिरफ्तार किया था। बीते रविवार को उनके घर से ड्रग्स मिलने के मामले में ये अरेस्ट हुई थी। जिसके बाद से लगातार कई चौंकाने वाले अपडेट्स सामने आ चुके हैं। हाल ही में इस केस में मुंबई की एक कोर्ट ने अरमान कोहली को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। 'मुंबई के एक कोर्ट ने अरमान कोहली को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। उन्हें मुंबई स्थित घर में ड्रग्स सीज मिलने की वजह से गिरफ्तार किया गया था'। बता दें कि 28 अगस्त को अरमान के घर पर NCB ने रेड की थी। जिसके बाद उन्हें पूछताछ के लिए ले जाया गया था।

देश के सामने 1991 जैसा आर्थिक संकट

पीएम मोदी को नहीं समझ आ रहा तो कर सकते हैं मदद: राहुल गांधी

अभिव्यक्ति को रोका जा रहा है

महंगाई समेत कई मुद्दों पर कांग्रेस का विरोध नजर न आने को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि अभिव्यक्ति को रोका जा रहा है। आप जानते हैं कि मीडिया को बोलने नहीं दिया जा रहा है। हमें संसद में भी रोका जा रहा है। लेकिन इससे गुस्सा बढ़ता जाएगा और रिएक्शन जबरदस्त होगा। राहुल गांधी ने कहा कि हम लाखों लोगों को लेकर सड़क पर उतर सकते हैं, लेकिन उसके दूसरे खतरे हैं। इसलिए हम ऐसा करने से बच रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार को 23 लाख करोड़ रुपये की रकम बढ़े हुए टैक्स से मिली है। आखिर यह रकम कहां जाएगी। हमारी सरकार के दौर में जब 105 डॉलर प्रति बैरल कच्चा तेल था तो देश में पेट्रोल की कीमत 71 रुपये लीटर थी। आज दुनिया में क्रूड 71 में है तो पेट्रोल की कीमत 100 रुपए के पार है।

पीएम वित्त मंत्री को कुछ समझ नहीं आता तो हम भेज देंगे एक्सपर्ट'

राहुल गांधी ने कहा कि अर्थव्यवस्था फेल हो रही है। यदि पीएम नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री को कुछ समझ नहीं आता है तो हम अपने एक्सपर्ट्स को भेज देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि शेयर बाजार में तेजी से उछाल देखने को मिल रहा है, लेकिन यह 50 कंपनियों का ही तमाशा है। देश की 300 से 400 प्रमुख कंपनियों की हालत खराब हो रही है। वही देश का भविष्य हैं, लेकिन उनकी हालत खराब हो रही है। देश को रोजगार मध्यम श्रेणी की इंडस्ट्री देती है, लेकिन मोदी जी के दिमाग में उनके लिए कोई जगह ही नहीं है।

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी ने रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने बुधवार को कहा कि ईंधन की कीमतों में जब भी इजाफे की बात कही जाती है तो कह दिया जाता है कि अंतरराष्ट्रीय कीमतों में इजाफा हो रहा है। यह बात गलत है। हमारी सरकार थी, तब क्रूड ऑयल की कीमत 105 डॉलर प्रति बैरल था और अब यह 71 डॉलर प्रति बैरल है। उन्होंने आगे कहा कि देश के सामने 1991 जैसा ही संकट पैदा हो रहा है। यह अर्थव्यवस्था की समस्या नहीं है बल्कि ढांचागत समस्या है। इससे नीतियों में बदलाव किए बिना बाहर निकला नहीं जा सकता है।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि देश के युवाओं को यह सोचना चाहिए कि यह आपका पैसा है और इसे किसके हाथों में दिया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि 23 लाख करोड़ रुपए की रकम किन हाथों में जा रही है। इसके अलावा पीएम नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मोनेटाइजेशन प्लान से 6 लाख करोड़ रुपए जुटाने की बात की जा रही है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के ही 4 से 5 प्रिय मित्रों के हाथों में इसके तहत देश की संपत्ति चली जाएगी।

आर्थिक नीतियों को हमने चलाया, वह अब नहीं : उन्होंने कहा कि हमने जिन आर्थिक नीतियों को हमने 1991 से 2012 तक चलाया, वह अब नहीं है। यह बात सही है कि 2012 के बाद से वह काम नहीं कर रही थी। हमारा कहना है कि एक नई एप्रोच की जरूरत है। पीएम मोदी ने वादा किया था कि मैं ऐसा करूंगा। वह न्यू इंडिया, मेक इन इंडिया की बात करते हैं, लेकिन ये सभी बातें खोखली हैं।

घाटी में बढ़ेगा आतंक?

तालिबान से बोला अलकायदा, अब कश्मीर को भी इस्लाम के दुश्मनों से कराना है आजाद

काबुल (ए.)। अमेरिका में हुए 9/11 आतंकी हमले के जिम्मेदार खूंखार दहशतगर्द संगठन अलकायदा ने तालिबान को अफगानिस्तान पर राज जमाने की मुबारकबाद दी है। यही नहीं अलकायदा ने तालिबान को दिए अपने संदेश में कश्मीर समेत दुनिया के उन इलाकों को आजाद कराने की बात कही ही, जो इस्लाम के दुश्मनों के कब्जे में है। अलकायदा के इस संदेश से अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह से आतंकी संगठनों की नजर कश्मीर पर है और आने वाले दिनों में भारत की चिंताएं बढ़ सकती हैं। अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की पूरी तरह से वापसी के एक दिन बाद अलकायदा ने यह संदेश जारी किया है।

आतंकी संगठनों पर लगाम कसना तालिबान के लिए चुनौती

तालिबान भले ही यह कह रहा है कि अब अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल किसी और देश के खिलाफ नहीं होने दिया जाएगा। लेकिन अलकायदा का यह बयान चिंताएं बढ़ाने वाला है। यदि तालिबान वास्तव में विश्व समुदाय में बना रहना चाहता है तो उसे अलकायदा और पाक तालिबान जैसे आतंकी संगठनों पर लगाम कसनी होगी। भारत ने भी मंगलवार को तालिबान से पहली बार औपचारिक बातचीत में यही अपील की है। भारत ने कहा है कि अफगानिस्तान की जमीन पर आतंकी गतिविधियां नहीं चलनी चाहिए।

सीएम भूपेश का गौरेला-पेंड्रा-मरवाही दौरा

आंगनबाड़ी और प्राथमिक शाला का किया निरीक्षण

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने विकासखंड गौरेला अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र तवाडबरा और शासकीय प्राथमिक शाला तवाडबरा का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला तवाडबरा में 3 नए कक्ष निर्माण की घोषणा की।

गौरेला विकासखण्ड के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र तवाडबरा के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय पोषण माह का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने छोटे-छोटे बच्चों से स्नेहपूर्वक वार्तालाप करते हुए बच्चों के खानपान के विषय में जानकारी ली।

नौनिहालों के साथ पढ़ने बैठे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शासकीय प्राथमिक शाला तवाडबरा में अध्ययनरत बच्चों से बड़ी ही आत्मीयता के साथ बात-चीत कर स्कूल में पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बच्चों को पेन-पेंसिल, नोटबुक वितरित किया और उनका मनोबल बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से पूछा कि स्कूल में कौन-कौन से विषयों की पढ़ाई कराई जा रही है, जिसका बच्चों ने पूरे आत्म विश्वास के साथ उत्साहपूर्वक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चिंतन शिविर में दिखा 15 साल की सत्ता गंवाने का गम

■ **राज्य सरकार पर बीजेपी के कई गंभीर आरोप**

रायपुर/जगदलपुर/नवप्रदेश। मंगलवार को बीजेपी के चिंतन शिविर का दूसरा दिन रहा। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी तीन दिवसीय चिंतन बैठक ले रहे हैं। इस दौरान उन्होंने भूपेश सरकार पर कई आरोप लगाए, जिसमें उन्होंने कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद 500 किसानों की खुदकुशी की बात कही थी।

इसके अलावा उन्होंने भूपेश सरकार पर वादे की अवहेलना करने का भी आरोप लगाया। बढ़ती बेरोजगारी समेत बेरोजगारी भत्ता देने के वादे से मुकरने की बात कही। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा के कई नेताओं के नाम हटाने के सवाल पर दिया गया यह जवाब

बीजेपी के भीतर खामियों को लेकर डी पुरंदेश्वरी ने कहा कि यह किसी भी संगठन में सतत चलने वाली प्रक्रिया है। चिंतन शिविर से कई बीजेपी नेताओं का नाम काटे जाने पर पुरंदेशवरी ने कहा कि किसी का नाम नहीं काटा गया है। कोई भी आ सकता है। पेट्रोल डीज़ल की कीमतों के बढने़ पर कहा कि यूपीए सरकार में बेचे गए बांड की भरपाई भी तो केंद्र सरकार को करनी है।

डॉ रमन बोले- कांग्रेस खुद कन्फ्यूज

चिंतन शिविर के बाद प्रेस कांफ्रेंस के दौरान छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज संकट में है। किसानों के सामने अकाल जैसी स्थिति है। किसान बिजली की कटौती से परेशान है। इस परिस्थिति में कांग्रेस कुर्सी दौड़ में लगी है। उन्होंने कहा कि नारे लग रहे है छत्तीसगढ़ अड़ा है भूपेश साथ खड़ा है, दूसरी तरफ नारा है बाबा बाबा बोल रहा है छत्तीसगढ़ डोल रहा है। इससे सबित होता है कि कांग्रेस खुद कन्फ्यूज है।

पूछताछ — जब्त अनुपातहीन संपत्ति पर हुई पूछताछ

निलंबित एडीजी जीपी सिंह पहुंचे पहली बार ईओडब्ल्यू

रायपुर/नवप्रदेश। अनुपातहीन संपत्ति और राजद्रोह का मामला दर्ज होने के बाद निलंबित हुए ,ष्ठत्र जीपी सिंह बुधवार दोपहर राजधानी स्थित ईओडब्ल्यू कार्यालय पहली बार पहुंचे। जीपी सिंह सुप्रीम कोर्ट से उनकी गिरफ्तारी के संबंध में लगाई गई रोक की ऑर्डर कॉपी लेकर ईओडब्ल्यू के कार्यालय में उपस्थित हुए। उनके वकील भी साथ मे मौजूद थे।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जीपी सिंह से हुई पूछताछ में अनुपातहीन सम्पत्ति के आय के श्रोत और जाँच में मिली संदिग्ध डायरी के संबंध में सिंह से जानकारी लेने की कोशिश की गई है। हालांकि ईओडब्ल्यू कार्यालय ने जीपी सिंह से हुयी पूछताछ के संबंध में अभी तक कोई जानकारी नहीं दी है। पूछताछ के बाद जीपी सिंह ने किसी से कोई चर्चा किये बगैर ईओडब्ल्यू से लौट गए।

चार घंटे चली पूछताछ

दरअसल ईओडब्ल्यू में दर्ज आय से अधिक सम्पति के मामले में ईओडब्ल्यू ने तीन बार नोटिस देकर पूछताछ के लिए निलंबित ,ष्ठत्र गुरजिंदर पाल सिंह को बुलाया था, लेकिन वे अपनी बीमारी का हवाला देकर नही पहुंचे। अब चौथी बार नोटिस मिलने के बाद सिंह ईओडब्ल्यू पहुंचे थे। दफ्तर में आय से अधिक संपत्ति मामलें में निलंबित एडीजी जीपी सिंह बुधवार को अपना बयान दर्ज़ कराया। दफ्तर में मौजूद डीएसपी और निरीक्षक ने करीब चार घंटे तक उनसे लम्बी पूछताछ की गई।

छापेमारी में मिली करोड़ों की संपत्ति

उल्लेखनीय है कि आईपीएस जीपी सिंह के 15 ठिकानों से करीब 10 करोड़ की अनुपातहीन सम्पत्ती एसीबी ने 1 जुलाई को मारे छापे के दौरान जब्त की थी। वहीं छापे के दौरान मिली एक संदिग्ध डायरी मिली थी जिसे आधार मानकर जीपी सिंह के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया था। जीपी सिंह को एंटी करप्शन ब्यूरो और इकनॉमिक ऑफेंस विंग की छापेमारी के बाद राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया था। मामले में कोतवाली पुलिस ने जेएमएफसी ओमप्रकाश साहू की कोर्ट में 400 पन्नों का चालान पेश किया है।

गाय को घोषित किया जाए राष्ट्रीय पशु, किसी को नहीं इसे मारने का अधिकार: हाई कोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वैदिक, पौराणिक, सांस्कृतिक महत्व व सामाजिक उपयोगिता को देखते हुए गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का सुझाव दिया है। कोर्ट ने कहा कि भारत में गाय को माता मानते हैं। यह हिंदुओं की आस्था का का विषय है। आस्था पर चोट से देश कमजोर होता है। कोर्ट ने कहा गो मांस खाना किसी का मौलिक अधिकार नहीं है। जीभ के स्वाद के लिए जीवन का अधिकार नहीं छीना जा सकता। बूढ़ी बीमार गाय भी कृषि के लिए उपयोगी है। इसकी हत्या की इजाजत देना ठीक नहीं। यह भारतीय कृषि की रीढ़ है।

कोर्ट ने कहा पूरे विश्व में भारत ही एक मात्र देश है जहां सभी संप्रदायों के लोग रहते हैं। पूजा पद्धति भले ही अलग हो, सोच सभी की एक है। एक दूसरे के धर्म का आदर करते हैं। कोर्ट ने कहा गाय को मारने वाले को छोड़ा तो फिर अपराध करेगा। कोर्ट ने संभल के जावेद की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने दिया है।

जमानत अर्जी पर शासकीय अधिवक्ता एसके पाल और एजीए मिथिलेश कुमार ने प्रतिवाद किया। याची पर साथियों के साथ खिलेंद्र सिंह की गाय चुराकर जंगल में अन्य गायों सहित मारकर मांस इकट्ठा करते टार्च की रोशनी में देखें जाने का आरोप है।

पोषण रैली को लेकर नगर में दिखा बड़ा उत्साह

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कुपोषण से लड़ाई को लेकर जिले के नागरिक, प्रतिनिधिगण एवं अधिकारी कितना जज्बा और संकल्प रखते हैं यह आज राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत हुई पोषण रैली में दिखा। इसकी अगुवाई विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल और कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने एक्टिवा चलाई। कलेक्ट्रेट से यह रैली निकली और शहर के महत्वपूर्ण लैंडमार्क से निकलती हुई मानस भवन में पहुंची। पीछे.पीछे महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं थीं। इस मौके पर वोरा ने कहा कि बाइक रैली में जिस तरह से आप सभी का उत्साह दिखा है उससे पता चलता है कि कुपोषण के विरुद्ध हम सब कितने संकल्पित हैं। आप सभी इस क्षेत्र में बेहद शानदार काम कर रहे हैं। गांधी जयंती अवसर पर मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान आरंभ हुआ तब हम सबने संकल्प लिया था कि कुपोषण को दूर करने पूरी मेहनत से काम करेंगे। इसका जमीनी असर दिखा है। हमारे बच्चे सुपोषित होंगे तभी तो हम देश का भविष्य गढ़ सकेंगे। महापौर बाकलीवाल ने कहा कि बच्चों के पोषण का असर उनके मानसिक शारीरिक विकास पर पड़ता है। यह सबसे प्राथमिकता का कार्य है। इस उम्र में हम बच्चों पर जितना ज्यादा ध्यान देंगे, उनकी बढ़त उतनी ही अच्छी होगी। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का क्रियान्वयन हमारे लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इसके लिए डीएमएफ के माध्यम से हमने पहल की है। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से और महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाफ की मदद से इस क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की गई है। यह कार्य बेहद संवेदनशील था और मुझे खुशी है कि हमारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने कोरोना के कठिन दौर में लाकडाउन के बावजूद अपनी सेवाएं जारी रखीं।

प्रहलाद बने चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बहुप्रतीक्षित दुर्ग जिला इकाई कार्यकारिणी की अंततः घोषणा कर दी गई हैं। कार्यकारिणी में प्रसिद्ध व्यवसायी व समाजसेवी प्रहलाद रूंगटा को दुर्ग जिला इकाई का अध्यक्ष बनाया गया हैं। इसके अलावा चेयरमैन पवन बड़जात्या, कार्यकारी अध्यक्ष दर्शनलाल ठाकवानी, महामंत्री प्रकाशचंद जैन, कोषाध्यक्ष हरीश जैन को नियुक्त किया हैं। नियुक्ति छग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेशाध्यक्ष अमर पारवानी ने की है। उन्होंने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री रुंगटा व अन्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर छत्तीसगढ़ चेंबर को नई ऊंचाइयां प्रदान करने पदाधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की हैं। जिला इकाई के सदस्यों ने व्यापारी हितैषी नवनियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे जाने पर प्रदेशाध्यक्ष श्री पारवानी के प्रति आभार जताया हैं। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के दुर्ग जिला इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रहलाद रूंगटा ने कहा है कि व्यापारी हित का संरक्षण मेरी प्राथमिकता होगी। मेरे समक्ष उनकी जो भी समस्याएं आएगी, उनके समाधान का मैं सौ फीसदी प्रयास करूंगा और प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी के मंशानुसार चेंबर को एक नई ऊंचाइयों में खड़ा करूँगा। श्री रूंगटा ने कहा है कि जिला इकाई के शेष कार्यकारिणी की भी जल्द घोषणा की जाएगी। यह कार्यकारिणी प्रदेशाध्यक्ष पारवानी के मार्गदर्शन व स्थानीय पदाधिकारियों की सहमति से बनाई जाएगी।

न्यूज गैलरी

लूट की घटना को लेकर पुलिस को ज्ञापन

दुर्ग। संतराबाड़ी वार्ड 26 में अज्ञात लोगों के द्वारा एक महिला के जेवर को लूटा गया और कल मध्य रात्रि उसी स्थान पर एक पान ठेले में अज्ञात लोगों द्वारा ताला तोड़कर चोरी की गई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी व छाया पार्षद केएस चौहान के नेतृत्व में मोहन नगर टीआई को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन द्वारा संज्ञान में लाया गया कि लोगों में भय की स्थिति व्याप्त है और सीसी टीवी कैमरा भी लगवाया जाए साथ हीसाथ गश्त की निरंतरता हो व आपराधिक तत्वों से पूछ ताछ की जाए। चौहान ने बताया की अगर प्रशासन सक्रिय रहे तो इस तरह की घटनायें कम होंगी। ज्ञापन के दौरान मंडल मंत्री उमेश गोस्वामी, बंटी चौहान, अनिल वाडले, प्रकाश ताम्रकार, अपूर्व सिंह, मनीष रामटेके, कृष्णा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

निगम कर्मचारियों ने किया पॉलीथीन जब्त

रिसाली। रूआबांधा साप्ताहिक बाजार के दिन होने वाले जाम से निपटने रिसाली निगम प्लानिंग कर रहा है। शनिवार को निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे 3 घंटे से भी ज्यादा समय तक रूआबांधा समेत आस पास के क्षेत्र में भ्रमण किया। इस दौरान मुख्य मार्ग के किनारे फल ठेला व नास्ता गुमटी लगाने वालों को चेतावनी दी। भ्रमण के दौरान निगम अधिकारियों ने प्रतिबंधित पॉलीथीन को जब्त किया। निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने स्पष्ट कहा कि व्यापार बाधित करना नहीं बल्कि व्यवस्थित करना मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने दुर्ग.उतई मार्ग पर रूआबांधा क्षेत्र में शनिवार को लगने वाले जाम को देख सड़क किनारे ठेला.पसरा लगाने वालों से बात की। आयुक्त ने सख्त शब्दों में कहा कि अगर वे जुर्माना से बचना चाहते है तो वे सड़क किनारे व्यापार न करे। अन्यथा निगम एक्ट के तहत कर्मचारी सड़क बाधा करने के तहत जुर्माना वसूल करेंगे।

जन्माष्टमी पर गोविंदाओं ने फोड़ी मटकियां

कुम्हारी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर कुम्हारी में जगह जगह पूजा अर्चना कर गोविंदाओं ने मटकियां फोड़ी वार्ड 8 स्थित आईएचएसडीपी कॉलोनी में नगर के प्रथम नागरिक राजेश्वर सोनकर के मुख्य आतिथ्य में जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, पार्षद मनहरण यादव एवं लेखराम साहू भी उपस्थित थे।

उदयभान सिंह का निधन

भिलाई। नगर निगम के पीडब्ल्यूडी विभाग में कार्यरत मदर टेरेसा निवासी उदयभान सिंह का आज दिल का दौरा पडने से स्पर्श हास्पीटल रामनगर में निधन हो गया। वे 51 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्री व एक पुत्र सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

अतिक्रमण व अवैध प्लाटिंग के खिलाफ भी मुहिम हुई तेज

अवैध गुमटियों के खिलाफ निगम ने की कार्रवाई

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम में अवैध गुमटीयो पर कार्रवाई की जा रही है वहीं अतिक्रमण के खिलाफ भी अभियान चलाया जा रहा है! जबसे निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने विशेष दस्ता का गठन किया हैए अवैध कब्जा, अतिक्रमण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ मुहिम तेज हुई है। विशेष दस्ता में नोडल अधिकारी एवं उपायुक्त सुनील अग्रहरी, उपअभियंता सिद्धार्थ साहू एवं सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू को शामिल किया गया है। विशेष दस्ता के गठन के बाद से अब तक दर्जनों कार्रवाई निगम क्षेत्र में की जा चुकी है। विशेष दस्ता की टीम शहर में घूम.घूम कर कार्रवाई कर रही है। इसी के तहत जोन क्रमांक दो वैशाली नगर क्षेत्र में कुरूद कोहका रुंगटा कॉलेज जाने वाले मुख्य मार्ग पर चार अवैध गुमटीयो को हटाया गया तथा वार्ड 27 घासीदास नगर भगवा चौक के मुख्य मार्ग से दो अवैध गुमटी एवं दो अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। मांस, मछली का व्यवसाय करने के लिए भगवा चौक के पासबांस, बल्ली लगाकर अवैध अतिक्रमण करते हुए व्यवसाय किया जा रहा थाए टीम जब निरीक्षण में पहुंची तो बांस.बल्ली को हटाते हुए जब्ती की कार्रवाई की गई। इस प्रकार शहर में विशेष दस्ता द्वारा निगरानी रखी जा रही है। जहां भी अवैध अतिक्रमण, अवैध कब्जा एवं अवैध प्लाटिंग की जानकारी मिल रही है उनके विरुद्ध कार्यवाही हो रही है। गुमटी हटाने एवं अतिक्रमण मुक्त करने के दौरान विशेष दस्ता के बालकृष्ण नायडू, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, तोड़फोड़ दस्ता के कन्हैया यादव, वाहन चालक मानसिंह, चैतू, गौकरण एवं राजेंद्र मौजूद रहे।

भूपेश के फैसले से किसानों को राहत

नवप्रदेश संवाददाता

उतई। महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजेंद्र सिंह यादव ने कहा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा अकाल की स्थिति होने पर भी किसानों को 9 हजार प्रति एकड़ देने की घोषणा का ऐतिहासिक फैसला है यह राशि चार किस्तों में किसानों को मिलेगा अकाल ग्रस्त किसानों को प्रति एकड़ देने की घोषणा से एक बार फिर साबित हो गया की हर स्थिति में छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार किसानो से खड़ी है। कांग्रेस सरकार जहां किसानों को लगातार रहात देने वाले फैसले कर रहे हैं वही केंद्र के मोदी सरकार ने आए दुगुना करना तो दूर केंद्र सरकार ने कृषि उपकरण टीकाकरण दवाइयां रासायनिक खाद डीजल के मूल्य में बेतहाशा वृद्धि का कर दी है अनाज के समर्थन मूल्य में केंद्र सरकार ने मामूली वृद्धि की है जो ऊंट के मुंह में जीरा के समान हैं राजेंद्र ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहां की भाजपा किसानों के हमदर्द बनने का दावा करती है। भाजपा सरकार ने 9 माह से दिल्ली बॉर्डर पर आंदोलन करते रहे कि किसानों की मांग पूरा करना तो दूर उनसे बात तक नहीं की है बहुत से किसान इस आंदोलन के चलते शहीद हो गए केंद्र सरकार की ओर से ना तो उन्हें श्रद्धांजलि दी गई ना सहित किसानों के परिजनों से मिला गया है ना संवेदन वक्त की गए हैं।

निगम ने थमाया स्पैरो को नोटिस

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम क्षेत्र अंतर्गत डोर टू डोर राजस्व के संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर, विज्ञापन करए यूजर चार्ज एवं विभिन्न करो के लक्ष्य के विरुद्ध शत.प्रतिशत वसूली के लिए परियोजना प्रबंधक मैसर्स स्पैरो सॉफ्टण् प्राइवेट लिमिटेड भिलाई को निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने नोटिस जारी किया है। नोटिस में संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर, विज्ञापन कर, यूजर चार्ज की वित्तीय वर्ष 2021.22 के लिए स्पैरो के द्वारा प्रस्तुत मांगध्वसूली पत्रक के अनुसार संपत्तिकर, शिक्षा उपकर एवं समेकितकर की राशि रुपए 3440.22 लाख की वसूली किया जाना है किंतु अब तक 25.33 प्रतिशत की वसूली की गई है एवं 74.67 प्रतिशत वसूली किया जाना शेष है। इसे लेकर आयुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए नोटिस में कहा है कि मांग के अनुरूप शत.प्रतिशत वसूली नहीं की जा रही है। उन्होंने स्पैरो को निर्देश दिए हैं कि वित्तीय वर्ष 2021.22 के शेष बची अवधि के लिए बकाया मांगध्चालू मांग का लक्ष्य के अनुरूप शत.प्रतिशत वसूली सभी भवनों को कवर करते हुए सुनिश्चित करें अन्यथा राजस्व करों की वसूली की कार्यवाही संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में स्पैरो के विरुद्ध अनुबंध के शर्तों के अधीन कार्यवाही की जाएगी। निकाय के सुधार कार्यक्रम अंतर्गत डोरटूडोर राजस्व, संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर के लिए अधिकृत किया गया है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रविन्द्र कुमार वर्मा पिता संतोष कुमार वर्मा निवासी ग्राम न्यू आदर्श नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 201/15 रकबा 0.014 हे. भूमि को विक्रेता श्रीमती पूर्णिमा जोशी पति पवन जोशी निवासी ग्राम ईरागुड़ा से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 27.08.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 31.08.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रविन्द्र कुमार वर्मा पिता संतोष कुमार वर्मा निवासी ग्राम न्यू आदर्श नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 201/18 रकबा 0.015 हे. भूमि को विक्रेता श्रीमती नमिता कौशिक पति तेजराम कौशिक निवासी ग्राम नया चंगोराभाठा रायपुर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 27.08.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 31.08.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नेतराम पिता स्व. सुखराम अन्य 01 निवासी ग्राम रिसाली बस्ती तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 967 रकबा 0.020 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर शामिलात रुप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि का सभी खातेदारों के मध्य रजिस्टर्ड बंटवारानामा दिनांक 28.08.2021 को किया गया है। उक्त रजिस्टर्ड बंटवारानामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202108100700427

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दुष्यंत दाउ पिता स्व. किरणसिंह दाउ निवासी ग्राम सिंधिया नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 32/12 रकबा 0.024 हे. भूमि को हकत्यागकर्ता श्रीमती रोहिणी देवी दाउ अन्य 01 पति स्व. किरण सिंह दाउ निवासी ग्राम सिंधिया नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 18.08.2021 को प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.08.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सरिता साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू निवासी ग्राम अस्पताल वार्ड तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 225/1/12 रकबा 0.003 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार मनोज कुमार साहू आ. कपूरचंद साहू की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.08.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मिताली बरुआ पिता/पति स्व. बिमल बरुआ निवासी ग्राम आशीष नगर रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 522/3 रकबा 0.02 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार मोहनलाल बरुआ एवं महामाया बरुआ की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.08.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मेहराज पिता स्व. सिराज अली निवासी ग्राम केलाबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह स्थित भूमि खसरा नंबर 664/6 रकबा 0.013 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/ वसीयतकर्ता सिराज अली के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 27.05.2015 पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.08.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री रुपलाल साहू आ. कलानाथ साकिन धनोरा के द्वारा ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 454 रकबा 1297.35 वर्गफीट हे. भूमि सोहन व अन्य से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 15.01.2021 को क्रय किया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 14.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 16.08.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री विनोद कुमार आ. टीकाराम साकिन धनोरा के द्वारा ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 454 रकबा 1194 वर्गफीट भूमि सोहन व अन्य गौतरिहा से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक को क्रय किया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 14.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 16.08.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुजाता गजभिये वगै. पिता/पति श्री सुमित गजभिये निवासी मुखर्जी नगर उरला तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम सिकोला प.ह.नं. 08 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 296/200 रकबा 0.006 हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता श्रीमती विजया शर्मा पिता/पति श्री महावीर शर्मा के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 16.03.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.02.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
के न्यायालय में उपस्थित होने बाबत्।
व्यक्तिगत-सूचना

मा.क्र.//अ-6/2020-21

प्रति,
श्रीमती लिन्डा गिरीश पति गिरीश गंगाधरन निवासी म.न. 771 ललिता निवास सड़क नं. 10 शांति नगर सुपेला तहसील व जिला दुर्ग छ.ग.

विषय- क्रय/विक्रय शुदा भूमि का नामांतरण बाबत्।

आपको सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम रिसाली प.ह.नं. 22 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 274/288 रकबा 1200 वर्गफीट भूमि को पंजीकृत विक्रय दिनांक 22.02.2021 के द्वारा आवेदक के पास विक्रय किया गया है।

आवेदक क्रेता श्रीमती रुबी फिलिप पति वी.ए. फिलिप के द्वारा उक्त भूमि को राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी संस्था या व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06.09.2021 को स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में दावा/ आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति ग्राह्म नहीं होगा।

आज दिनांक 27.08.2021 को मेरे स्वयः के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
के न्यायालय में उपस्थित होने बाबत्।
व्यक्तिगत-सूचना

मा.क्र.//अ-6/2020-21

प्रति,
प्रियांगनी नंद पति सुरेन्द्र नंद, मकान नं. 114 खुर्सीपार तहसील पिथौरा जिला महासमुंद छ.ग.

विषय- क्रय/विक्रय शुदा भूमि का नामांतरण बाबत्।

आपको सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम रिसाली प.ह.नं. 22 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 247/2 का टुकडा रकबा 1071 वर्गफीट भूमि को पंजीकृत विक्रय दिनांक 08.03.2021 के द्वारा आवेदक के पास विक्रय किया गया है।

आवेदक क्रेता श्रीमती कविता बाफना पति निलेश बाफना के द्वारा उक्त भूमि को राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी संस्था या व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06.09.2021 को स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में दावा/ आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति ग्राह्म नहीं होगा।

आज दिनांक 27.08.2021 को मेरे स्वयः के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
के न्यायालय में उपस्थित होने बाबत्।
व्यक्तिगत-सूचना

मा.क्र.//अ-6/2020-21

प्रति,
प्रियांगनी नंद पति सुरेन्द्र नंद, मकान नं. 114 खुर्सीपार तहसील पिथौरा जिला महासमुंद छ.ग.

विषय- क्रय/विक्रय शुदा भूमि का नामांतरण बाबत्।

आपको सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम रिसाली प.ह.नं. 22 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 247/2 का टुकडा रकबा 1071 वर्गफीट भूमि को पंजीकृत विक्रय दिनांक 19.03.2021 के द्वारा आवेदक के पास विक्रय किया गया है।

आवेदक क्रेता श्रीमती इंदिरा देवी जैन पति जवरीलाल जैन के द्वारा उक्त भूमि को राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी संस्था या व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06.09.2021 को स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में दावा/ आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति ग्राह्म नहीं होगा।

आज दिनांक 27.08.2021 को मेरे स्वयः के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-20(3) वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202107103800022

आवेदिका श्रीमती स्नेहलता अग्रवाल पति अश्वनी कुमार अग्रवाल निवासी बनियापारा दुर्ग की ओर से अधिवक्ता श्री निखिल महलवार द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल शीट क्रमांक 09 डी भूंखड क्र 28 क्षेत्रफल 145 वर्गमीटर भूमि धारक अश्वनी कुमार आ. भरतजी अग्रवाल निवासी बनियापारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 19.05.2021 को हो चुकी है। मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न है। मृतक धारक का विधिक वारिसान उनकी पत्नी श्रीमती स्नेहलता पुत्री अंजू, अल्का है। इसके अलावा अन्य वारिसान नहीं है। आवेदिका द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13.09.2021 या इसके पुर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.08.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-20(3) वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202107103800002

आवेदिका श्रीमती स्नेहलता अग्रवाल पति अश्वनी कुमार अग्रवाल निवासी बनियापारा दुर्ग की ओर से अधिवक्ता श्री निखिल महलवार द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल शीट क्रमांक 29 सी भूंखड क्र 208 क्षेत्रफल 125 वर्गमीटर भूमि धारक अश्वनी कुमार आ. भरतजी अग्रवाल निवासी बनियापारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 19.05.2021 को हो चुकी है। मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न है। मृतक धारक का विधिक वारिसान उनकी पत्नी श्रीमती स्नेहलता पुत्री अंजू, अल्का है। इसके अलावा अन्य वारिसान नहीं है। आवेदिका द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13.09.2021 या इसके पुर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.08.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं अनिल कुमार मानिकपुरी पिता स्व. श्री अमरदास मानिकपुरी स्थायी निवासी ग्राम छिवलाटोला पो. घुघली थाना तहसील घुघसील जिला मंडला मध्यप्रदेश वर्तमान पता एचआईजी 1/437 न्यू बोरसी एक्सटेंशन बोरसी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का हूं कि मेरे नाम पर एक भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम छिवलाटोला पो. घुघली थाना तहसील घुघसील जिला मंडला मध्यप्रदेश मैं पैतृक सपत्ति स्थित है जिसका खसरा नं. 622, 638, 641/1 कुल रकबा 1.2100 हे. है। जिससे संबंधित अभिलेख में मेरा घरेलू नाम प्रतापदास दर्ज हो गया है कि मैने आज दिनांक से अपना नाम परिवर्तित कर अनिल कुमार उर्फ प्रतापदास मानिकपुरी कर लिया है एवं भविष्य में मै अपने भूमि से संबंधित रिकार्ड में मेरा नाम अनिल कुमार उर्फ प्रतापदास मानिकपुरी ही दर्ज करवाना चाहता हूं एवं मैं इसी नाम से जानी व पहचानी जाउंगी। भविष्य में मेरा नया नाम अनिल कुमार उर्फ प्रतापदास मानिकपुरी ही दर्ज किया लिखा, पढ़ा, पुकारा, समझा जावेगा। जिस हेतु मैने श्रीमान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दुर्ग छ.ग. के समक्ष एक शपथ पत्र भी निष्पादित कर लिया है।

सो सूचना जाने।

मुहर — शपथकर्ता, अनिल कुमार मानिकपुरी

नाम-परिवर्तन

मैं अजय कुमार टंडन पिता स्व. सुकिल निवासी म.न. 100 वार्ड 12 पुरानी बस्ती रामनगर सुपेला भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं। मैं वर्तमान में स्टील क्लब सेक्टर-8 भिलाई विभाग के अंतर्गत ठेकेदारी में माली के पद पर कार्यरत् हूं। मेरे ठेकेदारी कार्यरत् के दौरान भूलवश मेरा नाम राजकुमार टंडन पिता सुकिल टंडन दर्ज हो गया है तथा इसी नाम से पीएफ खाता भी है। मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार, मतदाता पत्र, राशन कार्ड, विकलांग प्रमाण पत्र आदि दस्तावेजो में मेरा नाम अजय कुमार टंडन पिता सुकिल दर्ज है तथा इसी नाम से जाना व पहचाना जाता हूं। मेरे सर्विस रिकार्ड के पीएफ रिकार्ड में दर्ज राजकुमार टंडन एवं मेरे अन्य दस्तावेजों में दर्ज अजय कुमार टंडन दोनो नाम मेरा ही स्वयं का है दोनो नाम किसी अन्य व्यक्ति का नहीं है। मैं स्टील क्लब के सर्विस रिकार्ड एवं पीएफ रिकार्ड में दर्ज राजकुमार टंडन को विलोपित कर अजय कुमार टंडन दर्ज करवाना चाहता हूं जिसके लिए यह शपथ पत्र गजट प्रकाशन करवाने हेतु शपथ पत्र कार्यपालिक दंडाधिकारी महोद्य के समक्ष प्रस्तुत है।

मुहर — शपथकर्ता, अजय कुमार टंडन

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202108101000167
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
ढौर प.ह.न. 00017हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- राजेन्द्र कुमार
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेन्द्र कुमार पिता स्व. गोविंद भाई पता अरसनारा द्वारा ग्राम ढौर प.ह.न. 17 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 395, 401, 404, 396, 399, 387/2 कुल रकबा 0.99 हे. है जो उसके माता कमला बेन पति गोविंद भाई के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी कमला बेन पति गोविंद भाई की मृत्यु को हो जाने के कारण मृतक का नाम विलोपित कर उसके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 08.09.2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.08.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202108101000231
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कोहका प.ह.न. 00019 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- उमेश चौधरी
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

आवेदक श्री उमेश चौधरी पिता स्व. मुरलीधर निवासी कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग की भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 4429 रकबा 0.010 हे. है जो आवेदक के पिता स्व. मुरलीधर पिता देवशरण चौधरी के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी मुरलीधर पिता देवशरण चौधरी एवं माता ज्योति पति स्व. मुरलीधर की मृत्यु दिनांक 16.12.1996, 26.10.2016 को हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु फौती नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.08.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202108101000263
विषयः अ-27 वर्ष 2020-21
कुरुद प.ह.न. 00050 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- रामस्वरुप देवांगन अन्य 01
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

आवेदक रामस्वरुप देवांगन पिता स्व. भूखउराम देवांगन अन्य 01 निवासी कुरुद भिलाई तह. व जिला दुर्ग ने ग्राम कुरुद प.ह.न. 19 स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1287/2 रकबा 0.028 हे. 7 डिसमिल भूमि शामिलात खाते में दर्ज है। उपरोक्त वर्णित भऊमि को आवेदकगण द्वारा आपसी मौखिक सहमती के आधार पर खाता विभाजन किए जाने हेतु धारा 178 छ.ग.भू.रा. संहिता के तहत् न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.08.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

पोषण वाटिका से सुधरी बच्चों की सेहत

रायपुर/नवप्रदेश। महिलाओं और बच्चों के विकास एवं उनके स्वास्थ्य को बेहतर रखने में स्वस्थ और पोषक आहार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सूरजपूर जिले में बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिकाएं बनाई गई है, ताकि यहां आने वाले बच्चों, महिलाओं को भोजन के साथ पोषक तत्वों से भरपूर हरी सब्जिया मिल सके। आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में ही मुनगा, लाल भाजी, पालक भाजी, सहित अन्य पौष्टिक साग-सब्जी उगाकर उन्हें भोजन के साथ परोसा जा रहा है। पोषक तत्वों से भरपूर आहार मिलने से आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों के सेहत में भी बदलाव नजर आने लगा है।

जिला प्रशासन के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के आंगनबाड़ी केंद्र खड़गवांकलां बिचपारा, विकासखण्ड प्रतापपुर में आकर्षक पोषण वाटिका निर्मित की गई है जहां उत्पादित हरी सब्जियों को बच्चों के भोजन में शामिल कर उनके पोषण में वृद्धि की जा रही है। केंद्र की सहायिका नीलम जायसवाल बताती हैं कि महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक नीलमणि लकड़ा के द्वारा बीज वितरण किया गया था जिसे पोषण वाटिका में रोपण कर पर्याप्त देखरेख किया गया। वर्तमान में बरबट्टी और भिंडी की सब्जियां प्राप्त हो रही हैं जिन्हें बच्चों के खाने में सम्मिलित कर उन्हें सुपोषित करने का कार्य किया जा रहा है। इसी तरह कुपोषण से होने वाले नुकसान और सुपोषण के प्रति जागरूक करने के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा गृह भेंटकर लोगों को अपने घरों में बाड़ियां तैयार करने और उनमें पौष्टिक साग-सब्जी लगाए जाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। जिससे बच्चों को बेहतर आहार उपलब्ध हो और वे कुपोषण के शिकार न हो। इस पहल से न सिर्फ बच्चों के पोषण स्तर में सकारात्मक बदलाव हो रहा है, बल्कि माताओं को भी पौष्टिक आहार मिलने लगा है।

फर्जी बिल बनाकर 3 लाख की धोखाधड़ी

रायपुर/नवप्रदेश। खरोरा थाना क्षेत्र के वन काष्ठागार में फर्जी बिल बनाकर 3 लाख रूपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी इंदरचंद धनगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 10 मार्च 21 को आरोपी मनीष अग्रवाल पिता स्व. राधेश्याम एवं उसका पुत्र पवन अग्रवाल व अन्य ने अपने लकड़ी टिम्बर के लिए वन काष्ठागार खरोरा से खैर एवं अन्य लकड़ी ज्यादा मात्रा में खरीदकर फर्जी बिल बनाकर 03 लाख रूपये की धोखाधड़ी किये। इस प्रकरण में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

बाइक की टक्कर से सायकल सवार गिरकर ट्रक की चपेट में आया, मौत

रायपुर/नवप्रदेश। मोटरसायकल की टक्कर से सायकल सवार युवक गिरकर ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना गोबरानवापारा थाना क्षेत्र के ग्राम दुलना की है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम दुलना नवापारा स्थित नर्सरी के पास सायकल से जा रहा युवक चंद्रशेखर तारक पिता पूरन 20 वर्ष निवासी पटेवा नवापारा को आरोपी मोटरसायकल क्रमांक सीजी04-केवाय-2911 के चालक ने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी, जिससे चंद्रशेखर सायकल से सड़क पर गिर गया। इसी दौरान पीछे से आ रही अज्ञात ट्रक की चपेट में वो गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने शिकायत पर आरोपी मोटरसायकल चालक के खिलाफ धारा 304ए क तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

साइबर ठगी से बचने पुलिस ने सूचना जारी कर लोगों को किया जागरूक

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में साइबर ठगी लगातार बढ़ रही है। इसे देखते हुए रायपुर पुलिस ने लोगों को साइबर ठगी से कैसे बचे इसे लेकर एक सूचना जारी की है। जारी सूचना में पुलिस ने साइबर ठगों का नया हथियार को लेकर लोगों को जागरूक किया। इसमें कहा गया कि साइबर ठगों द्वारा कॉल कर नेटवर्क फास्ट करने या और कोई कारण बताकर *401* में दस डिजिट नंबर को डॉयल करने बोलकर ठगी किया जा रहा है। इस नंबर पर यदि कोई डॉयल करता है तो डॉयल करने वाले व्यक्ति का पूरा कॉल ठगों के पास जाएगा। वॉट्सअप भी हैक हो जाएगा और आपके परिचितों से पैसों की मांग की जाएगी। रायपुर पुलिस ने साइबर ठगी से बचने के लिए *ओआरहेज लगाकर बिना जानकारी के या किसी अज्ञात व्यक्ति के बोलने पर कोई नंबर डॉयल न करें। अपने वाट्सअप पर टू स्टेप वेरिफेशन कोड डालकर रखें तथा तत्काल अपना सिम रि-इशू करवाये। रायपुर ने लोगों से अपील की है कि साइबर ठगी के मामले में किसी भी प्रकार की घटना या फोन आने पर तत्काल साइबर सेल के नंबर 07714247109 में कॉल करें।

राजेन्द्रनगर व दुर्ग के मध्य चलने वाली स्पेशल ट्रेन अब 30 नवंबर तक बामरा व बागदीहि स्टेशन में रूकेगी

हावड़ा-अहमदाबाद-हावड़ा स्पेशल ट्रेन भी बामरा स्टेशन में रूकेगी

रायपुर/नवप्रदेश। रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली राजेन्द्रनगर-दुर्ग-राजेन्द्रनगर स्पेशल ट्रेन का चक्रधरपुर रेल मण्डल के बागदीहि व बामरा रेलवे स्टेशन में एवं हावड़ा-अहमदाबाद-हावड़ा स्पेशल ट्रेन का अस्थाई ठहराव बामरा स्टेशन में दिया जा रहा है।

रेल मंडल अधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यात्रियों की मांग व उनकी बेहतर सुविधा हेतु इन गाड़ियों के अस्थाई ठहराव 31 अगस्त 2021 तक दिया गया था जिसका विस्तार 30 नवम्बर तक किया गया है । अब ये गाड़ी उपरोक्त स्टेशनों में 30 नवम्बर तक रुकेगी। 02834 हावड़ा-अहमदाबाद स्पेशल ट्रेन बामरा स्टेशन में 06.54 बजे पहुचकर 06.55 बजे रवाना होगी इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 02833 अहमदाबाद-हावड़ा स्पेशल ट्रेन बामरा स्टेशन में 05.54 बजे पहुंचकर 05.55 बजे रवाना होगी। 03288 राजेन्द्रनगर-दुर्ग स्पेशल ट्रेन बामरा स्टेशन मे 12.09 बजे पहुंचकर 12.10 बजे रवाना होगी इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 03287 दुर्ग-राजेन्द्रनगर स्पेशल ट्रेन बामरा स्टेशन मे 14.08 बजे पहुचकर 14.09 बजे रवाना होगी। 03288 राजेन्द्रनगर-दुर्ग स्पेशल ट्रेन बागदीहि स्टेशन मे 12.20 बजे पहुंचकर 12.21 बजे रवाना होगी इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 03287 दुर्ग-राजेन्द्रनगर स्पेशल ट्रेन बामरा स्टेशन में 13.57 बजे पहुंचकर 13.58 बजे रवाना होगी।

चिंतन शिविर और धर्मांतरण पर सीएम भूपेश का भाजपा पर पलटवार, अपने ही कुशासन से निपटने में नाकाम

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा का तीन दिवसीय चिंतन शिविर बस्तर में चल रही है। जिसमे सरकार को घेरने की रणनीति भाजपा बना रही है। वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चिंतन शिविर पर पलटवार किया है।

सीएम भूपेश पेंड्रा रवाना होने से पहले पत्रकारों सवालों का जवाब दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के चिंतन शिविर में रमन सिंह घिरते नजर आ रहे हैं। मीडिया के हवाले से जो बात सामने आ रही है उससे तो ऐसा ही लग रहा है। सीएम भूपेश की माने तो 15 साल के कुशासन पर ही चिंतन शिविर में चर्चा चल रही है, जिसमे 15 साल के भाजपा कार्यकाल पर कई सवाल भी उठ रहे हैं।

धर्मांतरण मामले में भाजपा पर वार : धर्मांतरण मामलें पर भाजपा के द्वारा सरकार पर दागे जा रहे सवालों का जवाब देते हुए सीएम भूपेश ने कहा कि धर्मांतरण की बात कहने से पहले भाजपा ये देख लें की उनके शासन काल में ही प्रदेश में सबसे ज्यादा गिरजाघर बने थे। तो ऐसे में उलटा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत उन पर चरितार्थ होती है।

सीएम भूपेश ने बड़े ही तल्ख अंदाज में कहा कि धर्मांतरण के सहारे भाजपा दुबारा सत्ता हासिल करने ये अनर्गल आरोप कांग्रेस पर लगा रही है। लेकिन भाजपा इसमें सफल नहीं हो पायेगी।

ऐसे बनते हैं धार्मिक केंद्र -भूपेश : मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हम लोग अलग-अलग धर्म के लोग है, अलग-अलग जगहों पर निवास करते हैं, जहां जनसंख्या ज्यादा होती है, वहां आस्था के केंद्र बन जाते हैं।जहां हिंदू की बस्ती होगी, वहां मंदिर बनता है, जहां सतनामी की बस्ती है, वहां जैतखाम होता है, सिक्खों की बस्ती है तो गुरुदारा बन जाता है, मुस्लिम जहां ज्यादा है वहां मस्जिद बन जाता है और जहां ईसाई ज्यादा होते हैं, वहां चर्च बनता है। तो पहले समुदाय जाता है और फिर वहां धार्मिक केंद्र बनते हैं।

जबरिया धर्मांतरण के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जबरिया धर्मांतरण मामले पर कहा कि छत्तीसगढ़ में जबरिया धर्मांतरण एक भी मामला यदि आता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने भाजपा को कड़े शब्दों में कहा कि ऐसा एक भी केस भाजपा बताये तो करवाई निश्चित है। उन्होंने कहा कि धर्म के मामले में भारतीय संविधान में व्यवस्था की गई है कि कोई भी व्यक्ति स्वेच्छा से कोई भी धर्म को स्वीकार कर सकता है,लेकिन जबरदस्ती किसी का धर्मांतरण नहीं किया जा सकता।

छत्तीसगढ़ में 39.1% युवा करते है तम्बाकू का प्रयोग, 8% किशोर भी है शामिल

स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के समन्वय से तैयार हुई रणनीति

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के 39 फीसदी लोग आज तंबाकू का सेवन करते हैं। इसमें सबसे दुखद बात यह है कि इनमें 8 फीसदी किशोर हैं, जिनका बचपन भी नहीं गुजरा है। यानी 13 से 15 साल की उम्र के लोग तंबाकू की चपेट में हैं। यह जानकारी राज्य के नोडल अधिकारी (तंबाकू नियंत्रण) डॉ कमलेश जैन ने दी।

उन्होंने आगे बताया देश की 35 प्रतिशत आबादी युवाओं की है। उनमें 15-39 वर्ष की 30 प्रतिशत आबादी तंबाकू के नशे की गिरफ्त में है। जिसमें छत्तीसगढ की संख्या 39 प्रतिशत है। प्रदेश के 13 से 15 वर्ष के 8 प्रतिशत के तंबाकू का उपयोग करने का खुलासा भी ग्लोबल यूथ टोबैको (जीवाईटीएस) सर्वे 2019 में हुआ है।

उन्होंने बताया कि लगभग 39 प्रतिशत लोग तंबाकू का सेवन करते है। वैश्विक वयस्क तंबाकू सर्वेक्षण (जीएटीएस) 2016-17 के अनुसार छत्तीसगढ़ के 39.1 प्रतिशत लोग तंबाकू का सेवन करते हैं। इनमें 36 प्रतिशत गुटखा या अन्य चबाने वाले तंबाकू का सेवन करते हैं तथा 5.5 प्रतिशत धूम्रपान करते हैं।

दरअसल, इसे देखते हुए प्रदेश में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम 28 जिलों में विशेष रूप से चलाया जा रहा है। इस कानून का सख्ती से पालन करने के लिए और शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए राज्य भर में तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान (टॉफी) को क्रियान्वयन किया जा रहा है। केन्द्रीय निर्देश मिलने के बाद प्रदेश के 54,000 स्कूल एवं कॉलेजों को 2023 तक तंबाकू मुक्त बनाने के तहत कार्य शुरू कर दिया गया है।

11 बिंदुओं पर होगा क्रियान्वयन

राष्ट्रीय स्तर पर इसके लिए 11 बिंदुओं पर क्रियान्वयन सुनिश्चित की गई है। जिसके अंतर्गत कोटपा (सिगरेट एंड अदर टोबैको प्रोडक्ट्स एक्ट, 2003) की धारा 4 एवं 6 का अनुपालन महत्वपूर्ण होगा। उक्त कार्य के लिए स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग ने संयुक्त रूप से समन्वय की रणनीति तैयार की है। भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव विकासशील ने सभी राज्यों के नोड़ल अधिकारी से चर्चा की, विशेष रूप से छत्तीसगढ़ राज्य के नोडल अधिकारी से चर्चा कर शैक्षणिक संस्थानों के तंबाकू मुक्ति की दिशा में क्रियान्वयन के लिए शिक्षा विभाग के साथ-साथ गैर सरकारी संगठनों का सहयोग लेने का सुझाव भी दिया है।

तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के मापदंड

11 सूत्रीय मापदंडों में शिक्षण संस्थान के सभी प्रमुख स्थानों पर तंबाकू मुक्त क्षेत्र साइनेज प्रदर्शित होना। साइनेज में संस्था के नोडल का नाम, पदनाम, संपर्क नंबर उल्लेखित होना, संस्थान के प्रवेश द्वार पर साइनेज का प्रदर्शन होना, तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान क्षेत्र के साइनेज में नाम, पदनाम, संपर्क नंबर उल्लेखित होना। शिक्षण संस्थान के अंदर तंबाकू उत्पादों के उपयोग का कोई निशान (जैसे सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, तंबाकू के पाउट या धूक का निशान) नहीं होना। संस्थान के भीतर तंबाकू के नुकसान पर आधारित जागरूकता सामग्री प्रदर्शित होना। 6 माह में कम से कम एक बार तंबाकू नियंत्रण गतिविधित का आयोजित होना।

साइकिल रैली निकाल कर दिया पोषण का संदेश

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में शुरू पोषण माह के अंतर्गत गुढ़ियारी सेक्टर के डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड में पोषण साइकिल रैली किशोरी बालिकाओं द्वारा निकाली गई जिसमें सुपोषित छत्तीसगढ़ बनाने के संकल्प का संदेश दिया गया। पोषण और स्वच्छता की अलख जगाने के लिए निकली गई साइकिल रैली का नेतृत्व गुढ़ियारी सेक्टर की पर्यवेक्षक रीता चौधरी ने किया। रीता चौधरी ने बतायाः '' पोषण माह के अंतर्गत किशोरियों ने साइकिल रैली निकालकर सुपोषित छत्तीसगढ़ बनाने के संकल्प का संदेश दिया है ।'' किशोरियों ने साइकिल पर कुपोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने वाले नारे लिखी तख्तियां लगाई हुई थीं। कुपोषण बड़ी समस्या के साथ चुनौती भी है। इसीलिए सुपोषण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सितंबर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जाता है। खानपान और सफाई पर जोर दिया जाना बहुत जरूरी है, रीता चौधरी ने बताया । महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह जागरूकता रैली आयोजित की गई थी। उन्होंने कहा इस रैली में ‘‘सही पोषण छत्तीसगढ़ रोशन'' का संदेश देने की कोशिश की गई है। बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं में कुपोषण की समस्या को पूरी तरह समाप्त करने तथा आम लोगों को पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करने के लिए पोषण माह के रूप में मनाया जाता है।

ट्रेनों में चोरी करने वाला आरोपी पकड़ाया, चोरी की गई रकम रख देता था ससुराल में

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे पुलिस ट्रेनोंमें चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक चोर का पकड़ा है। रायपुर रेलवे स्टेशन में लगातार शिकायतें मिल रही थीं। आखिरकार इस बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी का नाम सौरभ बुरांडे है वह महासमुंद के बागबहरा में कर्रापारा इलाके का रहने वाला सौरभ रायपुर, बिलासपुर में चोरियों को अंजाम देकर अपने घर भाग जाया करता था। आरोपी चोरी के सामान को अपने ससुराल में गिफ्ट कर देता था या रखवा देता था।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सौरभ को रायपुर के प्लेटफार्म नंबर दो पर पकड़ा गया। पुलिस को मुखबिरों से खबर मिली थी रायपुर के प्लेटफार्म पर एक चोर घूम रहा है, जो पिछले दिनों कुछ वारदातों को अंजाम दे चुका है। पुलिस के पास इसके हुलिए की जानकारी थी इसलिए फ ौरन इसे रोककर टीम ने पूछताछ शुरू की। पुलिस को देखकर आरोपी हड़बड़ाया गया व ठीक से बात नहीं कर पा रहा था। जिसके बाद उसे पकड़ पूछताछ करने पर उसने बताया कि एक महीने पहले रायपुर रेलवे स्टेशन पर एक महिला यात्री का हैंड बैग चुराया था। चोरी के बाद अक्सर चोरी का माल सौरभ अपने ससुराल में छोड़ दिया करता था। कभी वह इसे गिफ्ट बताता तो कभी उसे बतौर अमानत वहां रख देता। इस बार भी जब टीम ने पूछताछ की तो महासमुंद के नयापारा स्थित सौरभ के ससुराल से चोरी की रकम 20 हजार रुपए पुलिस को मिले।

हाइपरटेंशन और हार्टअटैक के बढ़ते रोगी चिंता का विषय, ईसीजी है इलाज में मददगार

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर के विशेषज्ञों ने कार्डियोवस्कुलर रोगियों की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इन रोगियों के इलाज में ईसीजी काफी मददगार हो सकता है। अकेले एम्स की इमरजेंसी और ट्रामा विभाग में लगभग 2500 रोगी प्रतिवर्ष इन रोगों से पीड़ित होने के बाद भर्ती होते हैं। इनमें सबसे अधिक रोगी हाइपरटेंशन के और उसके बाद हार्टअटैक के रोगी शामिल होते हैं। ऐसे में ईसीजी का समय पर प्रयोग जीवनरक्षक हो सकता है। ये सभी विशेषज्ञ एम्स के ट्रेनिंग कार्यक्रम 'एडल्ट एंड पीडियाट्रिक ईसीजी' में भाग ले रहे थे।

मुख्य अतिथि एम्स के निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने कहा कि एम्स में हृद्य रोगियों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। यदि इन हृद्य रोगों को प्रारंभिक चरण में पहचान कर इलाज शुरू कर दिया जाए तो रोगियों को बेहतर परिणाम दिए जा सकते हैं। इसमें ईसीजी की मदद से इलेक्ट्रिकल एक्टिविटी का परीक्षण सुगमता के साथ किया जा सकता है। अतः चिकित्सकों और तकनीकी कर्मचारियों को ईसीजी का सतत् प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है।

डॉ. चंदन डे ने बताया कि वर्ष 2020 में एम्स में 2149 रोगी हाइपटेंशन के, 305 रोगी सीवीए और सात रोगी पूर्णतः हृदय ब्लाकेज वाले एडमिट किए गए। वहीं इस वर्ष 14 जून तक एम्स में 1043 रोगी हाइपरटेंशन के और 29 केस सीवीए के आ चुके हैं। रोगियों की यह संख्या चिंता का विषय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की ट्रेनिंग की मदद से चिकित्सकों और तकनीकी कर्मचारियों को हृद्य रोगों को प्रथम चरण में ही पहचानने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। इससे हृदयरोगियों को शीघ्र चिकित्सा मिल सकेगी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. अविनाश इंग्ले, डॉ. शिवम पटेल, डॉ. प्रशांत बडोले, डॉ. सत्यजीत सिंह, डॉ. वरूण आनंद और डॉ. संतोष कुमार राठिया ने विशेषज्ञ व्याख्यान दिए। इस अवसर पर हृद्य रोगों पर क्विज का आयोजन भी किया गया।

सुखद निर्णय कोरोना की रफ्तार धीमी होने से लिया गया निर्णय

छत्तीसगढ़ की स्कूलों में लगेंगी सभी कक्षाएं, विभाग ने ज़ारी किए आदेश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 2 सितंबर यानी गुरुवार से स्कूलों में सभी कक्षाएं शुरू करने के निर्देश ज़ारी कर दिए गए है। यानी आज से सभी कक्षाओं में बच्चो की उपस्तिथि दर्ज़ की जाएगी। इसके पहले प्रदेश में 2 अगस्त को तक़रीबन डेढ़ साल बाद स्कूलों को खोला गया था। जिसमें पहली से पांचवी, आठवीं और 10वीं और 12वीं की कक्षाओं को ही संचालित करने की अनुमति थी।

करीब डेढ़ वर्ष बाद छत्तीसगढ़ में अब स्कूल पूरी तरह से खोलने की तैयारी हो चुकी है। अब 2 सितंबर से 6वीं और 7वीं तथा नवमीं और ग्यारहवीं की कक्षाएं संचालित होगी। इन कक्षाओं के संचालन की अनुमति बुधवार जारी कर दी गई।

लेनी होगी अनुमति

इधर शुक्र शिक्षा विभाग ने ज़ारी आदेश में ये भी स्पष्ट किया है कि सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षाओं को शुरू करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित ग्राम पंचायत और स्कूल की पालक समिति की अनुसंशा अनिवार्य होगी। इसके साथ ही शहरी क्षेत्र में संबंधित वार्ड के पार्षद एवं स्कूल की पालक समिति की अनुशंसा मिलने के बाद ही स्कूलों का संचालन शुरू किया जाएगा।

निर्बाध चल रही है क्लासेस

अब प्रदेश में कोरोना का असर धीरे-धीरे कम होता जा रहा है. संक्रमण दर भी एक प्रतिशत से भी कम हो गई है। यही वजह है कि बाकी स्कूलों को खोलने का फैसला लिया गया। एक माह पूर्व शुरू हुई कुछ कक्षाएं अब भी निर्बाध रूप से चल रही हैं। इनमें बच्चों की उपस्थिति भी अच्छी होती है।यही कारण है कि छठी, सातवीं, नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा भी शुरू करने के लिए सरकार से अनुमति लेने के लिए नोटशीट चलाई गईं। डीपीआई डॉ. कमलप्रीत सिंह ने कहा कि अनुमति मिलते ही एसओपी के अनुसार पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों तरह से शालाओं का संचालन हो रहा है। अंदरूनी इलाकों व गांव में प्राइमरी व मिडिल स्कूलों को किताबें, भोजन व दूसरी सुविधाएं देने खोले गए हैं। ट्राइबल हास्टल, आंगनबाडियों को खोल दिया गया है, ताकि बच्चों को पौष्टिक भोजन मिलता रहे।

कई कक्षाएं एक महीने से चल रहीं, कोई दिक्कत नहीं

प्रमुख सचिव डॉ.आलोक शुक्ला ने कहा कि, कुछ कक्षाओं को शुरू हुए हैं जो एक माह से संचालित किये जा रहे है। कहीं से कोई दिक्कत नहीं आई है, सब ठीक है। इसे देखते हुए हमने छठी, सातवीं, नौवीं और 11वीं की कक्षाएं शुरू करने की अनुमति मांगी थी, जो अब मिलने के बाद शुरू की जाएगी।

प्रदेशभर में है इतने स्कूल-शिक्षक और विद्यार्थी

प्राइमरी स्कूल- 16,393, शिक्षक- 94565 और विद्यार्थी- 26,51,484. **मिडिल स्कूल-** 16,393, शिक्षक- 78,702 और विद्यार्थी- 14,81,382. **हाईस्कूल-** 2726, शिक्षक- 21,358 और विद्यार्थी- 9,43,808. **हायर सेकेंडरी-** 4469, शिक्षक- 74,170 और विद्यार्थी- 6,00530

ये निर्धारित है गाइडलाइन

कोविड फ्री ग्राम पंचायतों को प्राइमरी स्कूल खोलने का अधिकार।
दो गज दूरी बनाकर रखना, मास्क की अनिवार्यता।

संपादकीय

गाय पर हाईकोर्ट का सुझाव

गोहत्या के एक मामले की सुनवाई के दौरान इलाहबाद हाईकोर्ट ने टिप्पणी की है कि गाय को सिर्फ धार्मिक नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए, गाय हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा है और गाय की सुरक्षा करना हम सब का दायित्व है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केन्द्र सरकार को सुझाव दिया है कि वह संसद में विधेयक लाकर गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दें ताकि गाय की सुरक्षा सुनिश्चित हों। गोहत्या के खिलाफ भी कड़े कानून बनाएं जाएं। निश्चित रूप से इलाहबाद हाईकोर्ट का यह सुझाव स्वागत योग्य है और इस पर केन्द्र सरकार को अमल करन चाहिए। आज देश में गोधन की जो स्थिति है वह किसी से छिपी नहीं है। तमाम प्रयासों के बावजूद न तो गोहत्या पर प्रभावी रोक लग पा रही है और न ही सड़कों पर गायों को बेमौत मरने से बचाया जा रहा है। गो हत्या को लेकर देशभर में जबतब अप्रीय घटनाएं भी सामने आती रहती है। इलाहबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद अब केन्द्र सरकार को गायों की सुरक्षा के लिए कारगर कदम उठाने चाहिए। इसके लिए छत्तीसगढ़ में लागू की गई नरवा गरवा घुरवा अउ बारी योजना पर मंथन कर के इसे पूरे देश में लागू करना चाहिए। छत्तीसगढ़ में इस योजना के तहत गायों की सरकार सुध ले रही है। गायों के लिए ग्राम स्तर पर जगह-जगह गोठान बनाए गए है जहां गायों को रखा जा रहा है और उनके लिए चारा और पानी की समुचित व्यवस्था की जा रही है। गाय के गोबर की भी सरकार खरीद कर रही है जिसकी वजह से लाखों लोगों को एक नया रोजगार भी मिला है और एकत्रित किए गए गाय के गोबर पर जैविक खाद बनाई जा रही है जो कृषि के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही है। केन्द्र सरकार को भी ऐसी ही किसी योजना पर गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए और गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दे देना चाहिए। इस तरह के प्रयासों से ही गौ माता का संरक्षण हो पाएगा और गोहत्या पर भी रोक लग पाएगी। इससे पहले राजस्थान उच्च न्यायालय ने भी गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिये आवश्यक कदम उठाने को कहा था। राजस्थान उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह केंद्र सरकार के साथ समन्वय में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिये आवश्यक कदम उठाये। न्यायमूर्ति महेश चंद शर्मा की एकल पीठ ने राज्य के मुख्य सचिव और महाधिवक्ता को गाय का कानूनी संरक्षक भी नियुक्त किया था।

विचार

पहले छोटे बच्चे क्यों जाएं स्कूल

भारत दुनिया के उन चंद देशों में शुमार है, जहां कोविड-19 महामारी के दौरान सबसे लंबे समय के लिए स्कूल-कॉलेज बंद रहे हैं और सबसे अंत में स्कूलों को खोलने की कवायद की जा रही है। हालांकि, काफी जद्दोजहद के बाद बेशक कुछ राज्यों ने स्कूल खोलने की शुरुआत की है, लेकिन यह प्रक्रिया काफी धीमी नजर आ रही है और इसमें कई किंतु-परंतु हैं। राज्यों के स्कूल खोलने संबंधी फैसले महामारी विज्ञान से मिली सीख के बजाय, व्यक्तिगत राय और 'व्यावहारिक बुद्धि' से कहीं अधिक प्रभावित नजर आते हैं। मसलन, वैज्ञानिक साक्ष्य बता रहे हैं कि प्राथमिक विद्यालय सबसे पहले खोले जाने चाहिए, जबकि अपने यहां कमोबेश सभी राज्य इसके उलट रास्ते पर चल रहे हैं। वे बड़ी कक्षाओं को पहले शुरू कर रहे हैं, और प्राथमिक कक्षाएं सबसे अंत में। आइए समझते हैं कि आखिर क्यों प्राइमरी स्कूलों को सबसे पहले खोलना चाहिए?

दुनिया भर से उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि सभी आयु समूहों के लिए स्कूल खोल देने चाहिए, क्योंकि बच्चों में कोरोना का जोखिम भले ही वयस्कों के समान होता है, लेकिन वयस्कों की तुलना में उनमें मध्यम से गंभीर बीमारी का खतरा नगण्य होता है। इसकी वैज्ञानिक वजह यह है कि बच्चों में एसीई-2 रिसेप्टर्स (कोरोना वायरस के फेफड़ों में प्रवेश करने में मददगार) पूरी तरह से विकसित नहीं होता। अतः बच्चे संक्रमित होने के बावजूद गंभीर रूप से बीमार नहीं पड़ते। इसके अलावा, तमाम तरह के ऐसे सुबूत भी मौजूद हैं, जो बताते हैं कि स्कूलों के खुलने से बच्चों में संक्रमण का खतरा नहीं बढ़ता। स्कूल 'सुपर-स्प्रेडिंग' (जहां से अप्रत्याशित रूप से अत्यधिक आबादी के संक्रमित होने का खतरा हो) नहीं होते, और व्यक्तिगत रूप से सीखने के लाभ भी कहीं अधिक हैं, इसीलिए जुलाई 2021 तक दुनिया के 175 से भी अधिक देशों में स्कूल खुल गए थे। और, ये स्कूल तब खुले, जब 12 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए दुनिया में कहीं भी टीकाकरण की शुरुआत नहीं हुई है।

इसके उलट, अपने यहां कई लोग यह तर्क दे रहे हैं कि बच्चों को स्कूल तभी भेजना चाहिए, जब उनको टीका लग जाए। जबकि विश्व के तमाम विशेषज्ञ यही बताते हैं कि स्कूल खोलने के लिए टीकाकरण कोई शर्त नहीं होनी चाहिए। 12 से 17 वर्ष के बच्चों को अगर कुछ देशों में टीके दिए भी जा रहे हैं, तो उनके जोखिम और दूसरी अन्य बीमारियों से उनके ग्रसित होनेके कारण। वास्तव में, बच्चों में कोरोना का खतरा स्वाभाविक रूप से कम होता है। वैश्विक आयुवार डाटा के मुताबिक, मध्यम से गंभीर बीमारी की आशंका और मृत्यु दर अंग्रेजी वर्णमाला के 'जे' जैसा घुमावदार होती है। इस वक्र में जन्म से 18 वर्ष के सभी बच्चों में वयस्कों की तुलना में काफी कम खतरा होता है। साथ ही, 10 साल के बच्चे 'जे' का सबसे निचला हिस्सा बनाते हैं, जिन पर खतरा सभी आयु समूहों में सबसे कम होता है। इसके बाद, हर बदलते साल में जोखिम दोनों दिशाओं में बढ़ती जाती है- नौ साल से नीचे नवजात तक, साथ-साथ 11 साल से ऊपर जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है।

केरल में कोरोना के चिंताजनक हालात

डॉ. श्रीनाथ सहाय

> आम जनता के मन में यद्यपि अदृश्य भय तो है लेकिन जैसा परिदृश्य आम तौर पर दिखाई देता है उससे तो लगता था जैसे वह मान बैठी है कि कोरोना का काम-तमाम हो चुका है। मास्क और शारीरिक दूरी जैसी सावधानियों की भी उपेक्षा साफदिखने लगी। दूसरी लहर के कमजोर पड़ते जाने और टीकाकरण अभियान के गति पकडने से भी कोरोना से डर के बावजूद भी लापरवाही बढने लगी। देश में आने वाले दिनों में त्यौहारों की श्रृंखला शुरू होने वाली है। इस दौरान बाजारों में भीड़ बढ़ेगी। इसलिए जरूरत इस बात की है कि कोरोना की तीसरी लहर के प्रति उतनी ही सावधानी रखी जाए जितनी पहले सुझाई गई थी। कोरोना की पहली और दूसरी लहर तक जो अनभिज्ञता थी वह अब नहीं रही। इसलिए अब अपेक्षा है कि लोग पूरी तरह सतर्क हो जाएं।

भारत में केरल के चलते पिछले कुछ दिनों से देश में रोजाना 40 हजार से ज्यादा मामले सामने आ रहे थे। हालांकि, एक दिन के लिए यह संख्या घटी, जब मंगलवार को देश में 30 हजार नए मामले दर्ज हुए। हालांकि, अब एक बार फिर कोरोना के केस में उछाल दर्ज की गई है। पूरे देश में जहां कोरोना के मामले 41 हजार की लपेट में है तो सिर्फ केरल में ही 30,000 से ऊपर मामले रिपोर्ट किए गए हैं। केरल में लगातार कोरोना से बिगड़ते हालात को लेकर केंद्र की चिंता बढ़ती जा रही है। पिछले दिन जहां पूरे देश में 30,941 मामले सामने आए थे। अब वहीं, बुधवार को को रिपोर्ट हुए मामलों की संख्या 41,965 हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने कहा है कि बिगड़ते हालात पर काबू पाने के लिए केरल में स्मार्ट स्ट्रेटजिक लॉकडाउन जरूरी हो गया है। इस तरह का लॉकडाउन पूरे जिले स्तर पर नहीं बल्कि मोहल्ले और कस्बों के आधार पर किया जाता है, जहां ज्यादा लोग पॉजिटिव मिल रहे होते हैं। मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि केरल में 85 फीसदी मरीज होम आइसोलेशन में हैं पर उनकी सही से रोजाना मॉनिटरिंग नहीं हो रही है। इस वजह से मामले बढ़ रहे हैं क्योंकि वो घूम रहे हैं और संक्रमण उससे फैल रहा है। सूत्रों ने बताया कि काफी पहले से केंद्र 'लिमिटेड लॉकडाउन' की बात केरल को कहता रहा है लेकिन ऐसा नहीं किया गया। बढ़ते मामलों के मद्देनजर हाल में लिए गए केंद्रीय गृह सचिव की बैठक में भी जहां जरूरी हो, वहां लॉकडाउन की बात कही गई थी। सूत्रों के मुताबिक, केंद्र ने गतिविधियों को कम करने की सुझाव दिया है। जिन जिलों में ज्यादा ट्रांसमिशन बढ़ रहा है वहां कड़े कदम उठाने की भी सलाह दी गई है। मंत्रालय ने कंटेनमेंट जोन को और बेहतर करने की जरूरत बताई है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र की तरफ से समय समय पर दिए गए सुझावों पर ठीक से अमल नहीं किया गया। प्रबंधन (मैनेजमेंट) में कमी के चलते इतने लंबे वक्त से ट्रांसमिशन फैल रहा है। केरल में वीकली पॉजिटिविटी रेट 14-19 फीसदी के बीच है। अब केरल का असर पड़ोसी राज्यों में भी दिखने शुरू हो गए हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि ओणम और रक्षाबंधन जैसे

त्यौहारों पर बाजारों में उमड़ी भीड़ से भी हालात बिगड़े। शुरू-शुरू में ये भी कहा गया कि ये सब दवाई बेचने वाली कंपनियों का खेल है जो कोरोना काल में लोगों का डराकर जमकर कमाई कर चुकी थीं। लेकिन बीते कुछ दिनों से कोरोना संक्रमण में जिस तेजी से वृद्धि हो रही है वह खतरे की घण्टी है। बीते दिनों देश में नए मरीजों का आंकड़ा 46 हजार पार कर गया जो अप्रत्याशित होते हुए भी वास्तविकता है। सबसे चैंकाने वाली बात ये कि इनमें से दो-तिहाई मामले अकेले केरल के हैं। कोरोना की पिछली दो लहरों में महाराष्ट्र सबसे आगे रहा था। केरल में ओणम के समय दी गई छूट का दुष्परिणाम अब जाकर सामने आ रहा है। लेकिन इसके बाद ये आशंका प्रबल हो रही है कि रक्षाबंधन के त्यौहार पर बाजारों में जो बेतहाशा भीड़ दिखाई दी उसका असर आने वाले दिनों में देखने मिलेगा। और यदि ऐसा हुआ तब दूसरी लहर के बाद अर्थव्यवस्था की जो गाड़ी पटरी पर आ रही थी वह फिर उतर सकती है। एक तरफ तो विभिन्न राज्य सरकारें शैक्षणिक संस्थान खोलने की तैयारी कर रही हैं वहीं दूसरी तरफ कोरोना की तीसरी लहर का प्रकोप दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। हालांकि विशेषज्ञ ये भी कह रहे हैं कि देश में टीकाकरण जिस तेजी से होता जा रहा है उसे देखते हुए तीसरी लहर का प्रकोप उतना घातक नहीं होगा जितना दूसरी का था। ऑक्सीजन की मारामारी भी नहीं है और अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या भी पहले से काफी अधिक है। ये भी कहा जा रहा है कि मृत्युदर भी ज्यादा नहीं रहेगी क्योंकि तीसरी लहर में कोरोना पूर्ववत गम्भीर नहीं रहेगा इसलिए अस्पताल में भर्ती हुए बिना भी मरीज घर पर ही इलाज करवाकर स्वस्थ हो जाएंगे। बावजूद इस सबके कोरोना को लेकर किसी भी प्रकार की अनदेखी महंगी पड़ सकती है क्योंकि जो आंकड़े आ रहे हैं उनमें मरने वालों की संख्या 500 के करीब है। ये देखते हुए इस बात की जरूरत है कि कोरोना से बचाव हेतु जो मूलभूत सावधानियां बताई गईं उनका पालन गम्भीरता से किया जावे।

कोरोना की तीसरी लहर को लेकर चिकित्सा जगत में वैसे तो मतभिन्नता रही किन्तु एक बिंदु पर सभी सहमत थे कि कोरोना का तीसरा हमला होगा जरूर। हालांकि उसकी तीव्रता और भयावहता के बारे में जरूर अनिश्चितता व्यक्त होती रही। उसके आने और चरम पर पहुंचने के प्रति भी चिकित्सक अलग-अलग अभिमत रखते रहे। आईआईटी कानपुर के शोधकर्ताओं ने भी इस बारे में कुछ भविष्यवाणी कीं। कोरोना वायरस की तीसरी लहर को लेकर अभी देश में चिंता है। खासकर बच्चों पर कोरोना की थर्ड वेव का क्या असर होगा, यह बड़ा मसला है। आईसीएमआर के महामारी विज्ञान और संक्रामक रोगों के प्रमुख डा. समीरन पांडा ने कहा है कि देश में जो चैथा सीरो सर्वे हुआ, उसके अनुसार देश के 50 प्रतिशत से अधिक बच्चे कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके हैं। बच्चों में संक्रमण का स्तर बड़ों से कुछ ही कम है। ऐसे में कोरोना की तीसरी लहर को लेकर हमें अनावश्यक चिंता करने की जरूरत नहीं है। जिन राज्यों में अपने यहां वयस्कों को वैक्सीन बड़े पैमाने पर लगा दिया है और महामारी की जांच की है, वे अपने यहां स्कूलों को धीरे-धीरे खोल सकते हैं। वहीं मेदांता अस्पताल के चेयरमैन डा. त्रेहन ने स्कूलों को अभी खोलने पर चिंता जताई है। उनका कहना था कि हम एक ऐसे देश में हैं, जहां कि आबादी बहुत ज्यादा है। अगर बच्चे बड़ी संख्या में बीमार होने लगे, तो उनका इलाज करना मुश्किल होगा, इसलिए अभी हड़बड़ी में स्कूलों को नहीं खोला जाना चाहिए। केरल में जिस बड़े पैमाने पर कोरोना का संक्रमण देखने मिल रहा है वह ओणम के दौरान लोगों ने जिस लापरवाही का प्रदर्शन किया, उसका परिणाम है। ये देखते हुए पूरे देश में कोरोना से बचाव के प्रति गम्भीरता बरती जानी चाहिए। यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन्माष्टमी के अगले ही दिन से सख्ती बढ़ाने के साफ निर्देश प्रशासन को दिये हैं, जिसका असर दिखने भी लगा है।

तालिबान से होशियार, नहीं तो भारत को उठानी होगी मुसीबत

विष्णु गुप्त

> अफगानिस्तान में कोई पुलिस या फिर सैनिक व्यवस्था नहीं थी। भारत ने अफगानिस्तान में पुलिस और सैनिक व्यवस्था खडी करने में बडी महत्ती भूमिका निभायी थी। भारत ने पुलिस और सेना को प्रषिक्षित करने का काम किया था। पुलिस अधिकारियों और सेना के अधिकारियों को भारत में प्रषिक्षण में मिलता था। जब तक अमेरिका अफगानिस्तान में था और तालिबान के खिलाफयुद्धरत था तब तक अफगानिस्तान की सेना तालिबान के खिलाफमजबूती के साथ लड रही है, खडी थी। तालिबान का गुस्सा इस कारण था कि अगर भारत ने अफगानिस्तान की पुलिस और सेना की व्यवस्था नहीं खडी की होती तो फिर हमारा काम इतना कठिन नहीं होता और न ही हमारे हजारों दहषतगर्द अफगानिस्तान बलों के हाथों मारे जाते।

तालिबान अपने एजेंडे तेजी के साथ बदल रहा हैं, खासकर वैष्विक प्रसंग में उनकी उदारता काफी उल्लेखनीय है, आष्चर्यजनक है। तालिबान ये संदेष देने के लिए वह हर संभव कोषिष कर रहा है जो वैष्विक स्तर पर जरूरी है और जिससे तालिबान को एक गंभीर और जिम्मेदार राजनीतिक संगठन की हैसियत बनाती है। उदाहरण के तौर पर प्रगति है,, उदारता है,आकर्मकता और बर्बरता जैसे अवगुन और करतूत नहीं है। स्पश्ट तौर पर तालिबान ने काबुल हवाई अड्डे को अमेरिकी नियंत्रण में रखने में कोई विरोध की हिंसा नहीं फैलायी, तय सीमा तक काबुल हवाई अड्डे को अमेरिका के सैनिकों के नियंत्रण में रहने दिया, इतना ही नहीं बल्कि तालिबान ने अमेरिकी सैनिकों के साथ सहयोग ही किया,कोई परेषानी नहीं की और न ही कोई भयंकर हिंसा को अंजाम दिया। प्रारंभिक दौर में उसने यह अनुमति भी प्रदान कर दी कि जो कोई भी देष छोड़कर जाना चाहता है वह जा सकता है, उन्हें जाने दिया जायेगा, कोई रूकावटें नहीं आयेगी। यही कारण है कि काबुल हवाई अड्डे पर अफगानिस्तान छोड़कर विदेष जाने वालों की भयंकर भीड जमी थी। भयंकर भीड़ का लाभ उठाकर तालिबान विरोधी आईएस ने आतंकवादी हमले भी किये जिनमें एक दर्जन अमेरिकी सैनिकों सहित करीब एक सौ से अधिक लोग भी मारे गये और दो सौ से अधिक लोग घायल भी हो गये। तालिबान ने इसके अलावा अफगानिस्तान की राजनीति समीकरण को साधने की कोषिष कर रहा है, राजनीतिक समीकरण को साधने में उसने हिंसा और बम गोली का सहारा नहीं ले रहा है, धमकी और दबाव का सहारा नहीं ले रहा है। राजनीतिक समीकरण को साधने के लिए उसने वार्ता का सहारा लिया है, सर्वानुमति तैयार करने की कोषिश की है। अपने धोर विरोधी हामिद करजई से भी बातें की है। पूर्व वार्ताकार अब्दुला अब्दुला से भी तालिबान ने सौहार्द पूर्ण बातें की है। दुनिया यह समझ रही है कि सत्ता के द्वार पर खडे तालिबान दुनिया की नियामकों के सिद्धांतों का पालन करने को लेकर सम्मान दे रहा है। खासकर भारत के संबंध में तालिबान के विचार और एक्षन आष्चर्य में डालने वाले है, सारी उम्मीदों को ध्वस्त करने वाले हैं। अब तक उम्मीद यही

थी कि तालिबान सत्ता में आने के साथ ही साथ भारत को निषाना बनायेगा, भारत के साथ बदला लेगा, भारत के खिलाफ पाकिस्तान की नीति पर चलेगा, पाकिस्तान जैसा चाहेगा वैसा तालिबान करेगा। अब यहां यह प्रष्न उठता है कि पाकिस्तान की अफगानिस्तान में भारत विरोधी नीति क्या है? पाकिस्तान की अफगानिस्तान में भारत विरोधी नीति स्पश्ट है, जगजाहिर है। पाकिस्तान यह चाहता रहा है कि भारत के प्रसंग मे तालिबान उनका मोहरा बना रहे, यस मैन बना रहा। तालिबान की सरकार बनने और तालिबान की सरकार की गतिषील में होने में भारत सरकार की कोई भी भूमिका नहीं होनी चाहिए। इतना ही नहीं बल्कि कष्मीर के प्रष्न पर तालिबान हमेषा पाकिस्तान का साथ देता रहे और कष्मीर को आतंकवाद के बल पर हड़पने में पाकिस्तान का साथ तालिबान देने का काम करें। भारत ने अफगानिस्तान में खरबों डॉलर का जो निवेष किया है उस निवेष पर तालिबान बुलडोजर चलाये। निवेष के माध्यम से खडे किये गये निर्माण कार्य पर भी तालिबान की दृश्टि नकरात्मक होनी चाहिए। पिछले समय में तालिबान की नाराजगी भारत के प्रति क्या-क्या रही है। इस पर भी विचार करने की जरूरत है। अमेरिका ने जब अफगानिस्तान पर कब्जा किया था और अमेरिका की डर से तालिबान बिना लडे और बिना वीरता दिखाये भाग खड़ा हो गया था तब सबसे अधिक खुषी जाहिर करने वाले देषो मे भारत भी था। भारत के खुष होने के कारण भी थे। भारत की खुषी के केन्द्र में अस्मिता थी, सुरक्षा थी। तालिबान उस काल में पाकिस्तान का एक मोहरा था, पाकिस्तान के समर्थन और सहयोग के कारण ही तालिबान अफगानिस्तान की सत्ता तक पहुंचा था। तालिबान की पूरी सुरक्षा कवच आईएसआई ने खड़ा किया था। इस कारण तालिबान का पाकिस्तान के प्रति समर्पण भी स्वाभाविक था। पर तालिबान ने अपनी भविश्य की कूटनीति को ध्यान में नहीं रखा और न ही भविश्य में आने वाले संकटों पर ध्यान दिया। उसने भारत विरोधी रवैया अपना लिया। भारत के दुष्मन के तौर पर अपने आप को खड़ा कर लिया। इसका उदाहरण इंडियन एयर लाइन्स के विमान अपहरण कांड है। इस विमान का नेपाल से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवदियों ने अपहरण किया था। पाकिस्तान की इच्छानुसार विमान को काबुल ले जाया गया था। काबुल में इंडियन एयर लाइंस के विमान के अपहरणकर्ताओं की खूब खातिर हुई और अपहरणकर्ताओं को सुरक्षित पाकिस्तान पहुचाया गया था। भारत को इसके बदले में दूर्दांत आतंकवादियों को रिहा करने के लिए मजबूर होना पडा था। इसके अलावा अपने आतंकवादियों को कष्मीर में भी आतंकवाद और जिहाद के लिए भेजता था।

तालिबान को भारत के खिलाफ सर्वाधिक गुस्सा भारत द्वारा अफगानिस्तान में निवेष को लेकर है, अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण के क्षेत्र में किये गये भागीरथी प्रयास को लेकर है। अमेरिकी इच्छा का अनादर कर भारत ने अफगानिस्तान में अपनी सेना नहीं भेजी थी पर भारत ने अफगानिस्तान के विकास में कोई कसर नही छोडी थी।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हृदय बसाऊँ कि

हृदय बसाऊँ कि दिल में बिठाऊँ श्याम चाह में तेरे क्या कर जाऊँ ढेर सारी बतिया क्या क्या बताऊँ लड़ी जबसे अँखियाँ चैन न पाऊँ दरपन देखूँ तो तुझे ही तुझे पाऊँ श्याम और तोरे कितना पास आऊँ दे शक्ति हर पल तोरे ही गुन गाऊँ जहाँ हो चरण तेरे वही धूल बन जाऊं।

- जावेद उस्मानी

रूप सलोना चंचल

रूप सलोना चंचल नैना मधुर मुस्कान पे दुनिया वारी पीला पटका शीश धरे मोर पंख की छटा न्यारी एसो अद्भुत दिव्य अवतार नन्द जाए यशोदा बलिहारी। जय श्री कृष्णा मित्रो कण-कण में वो करे निवास, गोपियों संग जो रचाए रास देवकी-यशोदा जिनकी मैया ऐसे हमारे किशन कन्हैया।

- किरन भण्डारी

खास पाती | तुम अपनी ये चाल दुधारी

तुम अपनी ये चाल दुधारी रहने दो राम रहीम की ये फुलवारी रहने दो तुम पेड़ों को काट रहे हो ठीक नही जीवन ख़ातिर साँस हमारी रहने दो छोड़ के जाओ तन्हा मुझको सब यारो आज मुसीबत मुझपर भारी रहने दो मत मारो कोखों में बेटी यार कभी ज़िन्दा बेटी आज दुलारी रहने दो रहने दो गाँवों की कुछ यादें ज़िन्दा टमटम रिक्शा आज सवारी रहने दो प्यार का ताना बाना मत तोड़ो कोई भाईचारा और ये यारी रहने दो ले जाओ तुम सारी ख़ुशियाँ जी भरकर पास हमारे तुम लाचारी रहने दो नफ़रत की दीवार गिराओ मिलकर अब 'ऐनुल' से ये मारा मारी रहने दो। **- 'ऐनुल' बरौलवी**

तुम में कोई मिलावट नज़र नहीं

तुम में कोई मिलावट नज़र नहीं आती तुमको देखती हूँ कि तो लगता है कि तुम में मिलकर... तुमको अपने दु:ख सौंपकर मैं सदा के लिए खूबसूरत हो जाऊंगी। पता नहीं हमेशा से ऐसा महसूस किया है कि ये तुम्हारी इक जोड़ा आंखें मेरी हैं। मुझे देखती हैं तो मुझसे दु:ख कतरा कतरा पिघलता जाता है। मुझे तुम जैसा एक सार होना है। अपनी मिलावट में मुझे जगह दो। **- कल्पना पाण्डेय**

तेरी उल्फ़त लगे जिंदगी की तरह

तेरी उल्फ़त लगे जिंदगी की तरह। तीरगी में हुई रोशनी की तरह। कीमती था सदा साथ तेरा सनम। याद में बस गया वो सदी की तरह। नूर तेरा मुझे इस कदर भा गया। अक्स तेरा लगे चाँदनी की तरह। खुश्क-सा दिल मेरा, इश्क़ की थी कमी। इश्क़ तेरा बना उस नमी की तरह। थी बड़ी बेमुरब्बत भरी जिंदगी। तुम को पाया है ग़म में खुशी की तरह। बेवफ़ाई खुशी से निभाई सदा। प्रेम प्रतिभा करा बंदगी की

नाजुक इस दौर की अब हालात क्या लिखूं कारनामे सब जानते ,अब बलात क्या लिखूं जवाब नही होते यहां,मासूम से सवालों के उनके लिए फिर क्यों भला,अब सवालात लिखूं भूखे पेट रहकर भी ,डर के करे तारीफकोई दौर-ए उस सियासत के,करामात क्या लिखूं है कौन ऐसा यहां ,जो जानता नही करम उनके लोगों को भरमाने ,अपना खयालात क्या लिखूं लोकतंत्र के मंदिर में ,पुजारी बने अपराधी जब क्यों कर बदनाम यहां, मैं सिर्फ हवालात लिखूं। **- संत आर थवाईत**

हर गुनाह माफ़तिरा

हर गुनाह माफ़ तिरा क्योंकि मोहब्बत है तुझसे तू गुनाह किये जा मोहब्बत हम किये जाते है न तेरे सितम खत्म होंगे न मेरी चाहत कम होगी किए जा जो तेरे जीअ औंदा है इबादत हम किये जाते है. जिस दम समझा इश्क़ को पा जाएगा रब को तेरे हिस्से का भी यारा सज़दा हम किये जाते है।

- नम्रता सरन सोना

दरवेशों सी नज़र उसकी फकीरों

दरवेशों सी नज़र उसकी फकीरों सा दिल रखा है रूप का क्या पता उसे उसने तो बस मुहब्बत सम्भाले रखा है मिल जाए गर कहीं तो पता पूछना उससे खुदा की इबादतगाह में इतनी गुरबत कहाँ जितना इसने खुदा बचाए रखा है।

- प्रीती श्रीवास्तव

अति प्यारी भोली सरल,जैसे अपने गांव

अति प्यारी भोली सरल,जैसे अपने गाँव। आए जीवन धूप में, बनकर बरगद छाँव। हरपल प्रभु से प्रार्थना,अपनी केवल एक, पायल- सा बँधकर रहूँ,मैं राधा के पाँव।।

- डॉ. बिपिन पाण्डेय

QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ में आकांक्षी जिलों की सूची में कौन-सा जिला शीर्ष स्थान पर है?
2) देश का पहला योग आयोग किस राज्य में स्थापित किया गया है? (उत्तरप्रदेश / छत्तीसगढ़)
3) छत्तीसगढ़ में अपेरल ट्रेनिंग एवं डिजाइनिंग सेंटर कहां स्थापित किया गया है?
4) रत्नाकर झा किस स्थान के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे?
5) किस जिले को सिल्वर स्कॉच अवार्ड से सम्मानित किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बीजापुर (2) छत्तीसगढ़ (3) रायपुर, नवागढ़ और राजनांदगांव (4) दुर्ग (5) दंतेवाड़ा

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1573 - अकबर ने गुजरात को फ़तह किया। 1666 - लंदन में भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हुई और दस हज़ार इमारतें नष्ट हो गयी। 1775 - पहले अमेरिकी युद्ध पोत 'हाना' का जनरल जॉर्ज वाशिंगटन ने जलावतरण किया गया। 1789 - अमेरिका में राजस्व विभाग बनाया गया। 1926 - इटली और यमन के बीच हुए समझौते के तहत लाल सागर तट पर इटली का वर्चस्व कायम हुआ। 1930 - 'क्वेश्चन मार्क' नामक विमान ने यूरोप से अमेरिका के लिए बिना कहीं रुके पहली बार उड़ान भरी। 1945- जापान द्वारा हार स्वीकार कर लिए जाने के बाद छह साल तक चला दूसरा विश्व युद्ध समाप्त हुआ। 1945 - हो ची मिन्ही ने स्वतंत्र वियतनाम गणराज्य की स्थापना की। 1946 - जवाहर लाल नेहरू के उप सभापतित्व में अंतरिम भारत सरकार का गठन। 1956 - हैदराबाद से सौ किलोमीटर दूर जडचेराला और महबूब नगर के बीच पुल ढ़हने से 125 लोगों की मौत।1962 - सोवियत संघ क्यूबा को हथियार देने पर राजी हुआ। 1969 - अमेरिका के न्यूयॉर्क में पैसे निकालने वाली मशीन ऑटोमैटिक टैलर मशीन (ए.टी.एम.) को पहली बार दुनिया के सामने पेश किया गया। 1970 - कन्याकुमारी में विवेकानन्द स्मारक का उद्घाटन हुआ। 1990 - काला सागर में सोवियत यात्री जहाज के डूबने से 79 यात्रियों की मौत। 1996 - मुस्लिम विद्रोहियों और फिलीपींस सरकार ने 26 वर्षों से जारी विद्रोह को समाप्त करने के लिए एक समझौते पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए।

'इजरा' के हिंदी रीमेक में नजर आएंगे इमरान हाशमी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी 'इजरा' के हिंदी रीमेक में काम करते नजर आएंगे। इमरान हाशमी काफी समय से सुपरहिट मलयालम फिल्म 'इजरा' के हिंदी रीमेक को लेकर चर्चा में हैं। 'इजरा' के हिंदी रीमेक के डिजिटल रिलीज के लिए ओटीटी प्लेटफॉर्म ने इसके राइट्स 36 करोड़ रुपए में खरीद लिए हैं। कहा जा रहा है कि निर्माता इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने वाले थे। वर्तमान में महामारी के हालातों को देखते हुए मेकर्स ने डिजिटल रिलीज का रास्ता चुना है। मेकर्स को लगता है कि थिएटर में रिलीज करने के बाद फिल्म उतनी रिकवरी नहीं कर पाएगी। निर्माता इस साल फिल्म को रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। इमरान ने 2019 में मॉरीशस में इस फिल्म की शूटिंग शुरू की थी। इस सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म में इमरान के अलावा निकिता दत्ता, दर्शन बानिक, मानव कौल और विपिन शर्मा भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

एनएमडीसी का अगस्त माह में रिकार्ड प्रदर्शन

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक सुमित देब ने दी बधाई

हैदराबाद। एनएमडीसी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अगस्त माह में लौह अयस्क के 3.06 एमटी उत्पादन एवं 2.91 एमटी बिक्री का एक और नया रिकार्ड स्थापित किया। पिछले महीनों के भांति ही अगस्त में भी कंपनी के 6 दशक के इतिहास में किसी भी अगस्त माह में सर्वाधिक उत्पादन का रिकार्ड दर्ज किया गया।

उत्पादन में अगस्त, 2020 की तुलना में 89 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई, जबकि माह के दौरान बिक्री में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 63 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

इस वित्त वर्ष में अगस्त, 2021 तक उत्पादन एवं बिक्री पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में क्रमशः 44 प्रतिशत तथा 45 प्रतिशत अधिक रही।

एनएमडीसी टीम द्वारा आशा से बेहतर प्रदर्शन करने पर बधाई देते हुए एनएमडीसी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक सुमित देब ने कहा कि इस वर्ष के पहले पांच महीने का निष्पादन अत्यंत उत्साहजनक रहा है। मैं वित्त वर्ष 2022 में लक्ष्यों के प्रति ध्यान केंद्रित रखने के लिए प्रत्येक कर्मचारी की सराहना करता हूं।

अनुराग ठाकुर ने रजत पदक विजेता निषाद कुमार को सम्मानित किया

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज दिल्?ली पहुंचने पर टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता निषाद कुमार को सम्मानित किया। हिमाचल प्रदेश के रहने वाले निषाद ने टोक्यो पैरालंपिक खेलों में पुरुषों की ऊंची कूद टी-47 श्रेणी में 2.06 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक जीता।

ठाकुर ने कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा, ÷भारत अपने पैरालंपिक खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से खुश है। भारत ने अब तक के अपने सर्वाधिक पदक जीते हैं। हमने इस वर्ष अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजा है। खेलों के प्रति हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के अटूट समर्थन ने वास्तव में हमारे खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया है और मैं निषाद को उनकी सफलता पर बधाई देता हूं। निषाद ने दिखा दिया है कि दृढ़ता के साथ उच्चतम स्तर पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। सरकार देश के पैरालंपिक खिलाड़ियों को सुविधाओं और वित्त पोषण के साथ मदद

देना जारी रखेगी ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करना जारी रख सकें। मैं निषाद की सफलता को लेकर इस वजह से और भी उत्साहित हूं क्योंकि वह मेरे ही राज्य हिमाचल प्रदेश से आते हैं। युवा मामले और खेल राज्य मंत्री निसिथ प्रामाणिक ने कहा कि निषाद ने आठ साल की उम्र से ही बहुत कठिन परिस्थितियों से संघर्ष किया है और आज पैरालंपिक में पदक जीता है। उनके जीवन की कहानी हम सभी को प्रेरित कर सकती है और हमें यह सिखा सकती है कि बाधाओं के बावजूद हम चाहें तो अपने सपनों को हासिल कर सकते हैं। मैं निषाद को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देता हूं। हमारे प्रधानमंत्री ने हमारे पैरा खिलाड़ियों को खेलों से पहले और खेलों के दौरान फोन करके अपना निरंतर समर्थन दिया है और हमारे खेल मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से खिलाड़ियों की आवश्यकताओं पर ध्यान दिया। दोनों ने ही उन्हें दुनिया में खेलों के इस सर्वोच्च मंच पर प्रदर्शन करने की ताकत और प्रेरणा दी है।'रजत पदक विजेता निषाद कुमार ने कहा,' मुझे विश्वास नहीं हो रहा था कि मैंने पैरालंपिक में रजत पदक जीत लिया है। इससे पहले कि मैं सच में इस पर विश्वास करता, मैंने चार अधिकारियों से इसके बारे में पूछा। मैं हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को यह सुनिश्चित करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं कि हमें आहार, उपकरण एवं प्रशिक्षण सहित हमारे लिए जरूरी सभी चीजों में सरकार से पूरी मदद मिली। मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि मुझे खेल मंत्री ने आमंत्रित किया, वह भारत लौटने के पहले ही दिन मुझसे मिले और मुझे सम्मानित किया। मुझे पहले कभी ऐसा अनुभव नहीं हुआ और अब जीत की भावना दिल में घर कर रही है।'

हीरो आई लीग क्वालिफायर्स 2021 चार अक्टूबर से

कोलकाता (वार्ता)। मदन महाराज एफसी और हैदर्या स्पोर्ट्स कश्मीर एफसी के बीच बेंगलुरु फुटबॉल स्टेडियम में मुकाबले के साथ आगामी चार अक्टूबर से हीरो आई लीग क्वालिफायर्स 2021 टूर्नामेंट का आगाज होगा। फाइनल मुकाबला 23 को खेला जाएगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी कर दिया है। 10 टीमें टूर्नामेंट में भाग लेंगी, जिन्हें दो समूहों में विभाजित किया गया है। टूर्नामेंट का पहला मैच पहली बार खेल रहे मदन महाराज एफसी और हैदर्या स्पोर्ट्स कश्मीर एफसी के बीच होगा जो समूह ए में हैं। ग्रुप बी के मुकाबले एक दिन बाद यानी पांच अक्टूबर से शुरू होंगे।

न्यूज गैलरी

बजाज ऑटो की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली (वार्ता)। दुपहिया और तिपहिया वाहन निर्माता कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड के वाहनों बिक्री इस वर्ष अगस्त में पिछले वर्ष के इसी महीने के 356199 इकाई के मुकाबले पांच प्रतिशत बढ़कर 373270 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी ने बुधवार को बताया कि अगस्त में दुपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री जहां 178220 वाहन से 11 प्रतिशत कम होकर 157971 इकाई रह गई वहीं इसके निर्यात में 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। निर्यात 142838 से बढ़कर 180339 पर पहुंच गया। आलोच्य अवधि में घरेलू बाजार में व्यवसायिक वाहनों की बिक्री जबरदस्त 91 प्रतिशत की उछाल आई है और यह 7659 से बढ़कर 14624 वाहन हो गया।

बढ़त बनाने के लिए भिड़ेंगे भारत और इंग्लैंड

लंदन (वार्ता)। सीरीज में 1-1 की बराबरी हो जाने के बाद भारत और इंग्लैंड की टीमें गुरूवार से यहां ओवल मैदान में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच में निर्णायक बढ़त बनाने के इरादे से उतरेंगी। भारत ने लॉर्ड्स मैदान में 151 रन से जीत हासिल कर सीरीज में बढ़त बनायी थी लेकिन इंग्लैंड ने पलटवार करते हुए लीड्स में तीसरा टेस्ट साढ़े तीन दिन के अंदर पारी और 76 रन से जीतकर पांच मैचों की सीरीज को 1-1 की बराबरी पर ला खड़ा किया। अब ओवल मैदान में गुरूवार से चौथा टेस्ट खेला जाना है जिसमें जीतने वाली टीम को सीरीज में 2-1 की निर्णायक बढ़त मिल जायेगी।

तीन इंडिया ने लीड्स में तीसरा टेस्ट पहले दिन ही गंवा दिया था जब टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम पहले दिन 41 ओवर के अंदर मात्र 78 रन पर ढेर हो गयी थी। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 432 रन बनाकर 354 रन की विशाल बढ़त हासिल की और भारत को दूसरी पारी में 278 रन पर समेटकर टेस्ट पारी और 76 रन के बड़े अंतर से जीत लिया। लीड्स में तीसरे टेस्ट में भारत को उसकी बल्लेबाजी की कमजोरी ले

डूबी। मैच में तीसरे दिन भारत ने अच्छा संघर्ष किया लेकिन चौथे दिन की सुबह भारतीय टीम ने अपने आठ विकेट मात्र 63 रन जोड़कर गंवा दिए। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने मैच के बाद शीर्ष क्रम की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाते हुए कहा था की टॉप आर्डर को रन बनाने होंगे और हर बार निचला क्रम उसे नहीं बचा सकता। लीड्स में चेतेश्वर पुजारा ने 91 रन की पारी खेली थी जबकि विराट ने अर्धशतक बनाया था लेकिन दोनों बल्लेबाज चौथे दिन बिना किसी संघर्ष के आउट होकर पवेलियन चल दिए जिसके बाद भारतीय बल्लेबाजी में संघर्ष करने के लिए कुछ नहीं बचा। उपकप्तान अजिंक्या रहाणे की खराब फॉर्म लगातार उनका पीछा कर रही है जबकि विकेटकीपर ऋषभ पंत यह अंदाजा नहीं लगा पा रहे हैं कि उन्हें विकेट पर टिकना है या अपने आक्रामक अंदाज में शॉट्स खेलने हैं। पंत की फिलहाल स्थिति यह है कि वह विकेट पर पहुंचते हैं लेकिन जल्दी स्लिप में कैच थामकर पवेलियन लौट जाते हैं। लेकिन पंत से ज्यादा जिम्मेदारी शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की बनती है जो ऑफस्टंप से बाहर पड़ी गेंद पर छेड़खानी कर अपना विकेट विकेटकीपर या स्लिप क्षेत्र में गंवा बैठते हैं।

भारत को अपने बल्लेबाजी क्रम में कुछ परिवर्तन करने के बारे में सोचना होगा।ओपनिंग में रोहित शर्मा के साथ लोकेश राहुल की जगह पृथ्वी शॉ या मयंक अग्रवाल को उतारे जाने के बारे में सोचा जा सकता है। मध्यक्रम में रहाणे की जगह हनुमा विहारी को लाने पर विचार किया जा सकता है जबकि आलराउंडर रवींद्र जडेजा की जगह अब तक तीनों टेस्टों से बाहर रहे ऑफ स्पिनर रविचन्द्रन अश्विन को आजमाया जा सकता है।

न्यायालय तहसीलदार, भाटापारा के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202109210500001/202109210500001

मामले की श्रेणी-राजस्व

विषयः- अ-6 अ सनः-2020-2021
मझगांव (प.ह.न. 00013)
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार - रामकुमार उर्फ इतवारी राम वर्मा
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामकुमार उर्फ इतवारी राम वर्मा पिता घुनारी वर्मा जाति कुर्मी निवासी ग्राम दावनबोड़ तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मजगांव प.ह.नं. 13 रा.नि में खोखली तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 8/2, 47/1 रकबा क्रमशः 0.7390, 0.4110 हे0 कुल खसरा नंबर 02 योग रकबा 1.1500 हे0 लगान 2.12 रू. के दर्ज भूमिस्वामी रामकुमार वर्मा पिता घुनारी वर्मा के स्थान पर रामकुमार उर्फ इतवारी राम वर्मा पिता घुनारी वर्मा किये जाने के संबंध में अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 24.09.2021 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 24.09.2021 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/09 2021 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, भाटापारा

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4,
सेजबहार, रायपुर (छ.ग.) फोन : 0771-2971574
Email ID-eocghbzone05@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी सेजबहार, रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत भवन क्र. एलआईजी-567, श्री घनश्याम सेन पिता श्री रामकुमार सेन के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्र.-5877 दिनांक 30.10.2006 के माध्यम से आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का लीजडीड दिननांक 06.08.2015 को पंजीकृत उपरांत दिनांक 31.12.2015 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को आबंटी श्री घनश्याम सेन पिता श्री रामकुमार सेन, पता - गोविंद कृष्ण छाया, देशबंधु स्कूल के पास, केलकरपारा, स्टेशन रोड, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री घनश्याम भोगल पिता स्व. श्री बी. प्रकाश पता - पुराना डॉ. राजेन्द्र नगर, जनता कालोनी के पास, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 16.02.2016 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री घनश्याम भोगल पिता स्व. श्री बी. प्रकाश, द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर नामांतरण किये जाने हे इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन का फ्री-होल्ड किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर

कार्यालय- संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र-दुर्ग

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कोकिला साहू पिता श्री ललित साहू, निवासी-शांति नगर भिलाई-3, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र दुर्ग अंतर्गत भवन क्रमांक एलआईजी-294, उमदा भिलाई, जिला दुर्ग में आबंटित हुआ है, आबंटी श्रीमती कोकिला साहू के द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयन कार्यालय दुर्ग से दिनांक 13.06.2016 एवं फ्री होल्ड निष्पादन दिनांक 28.07.2021 पश्चात्, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 07.08.2021 को श्रीमती उमा भारद्वाज पति श्री सुरेश कुमार भारद्वाज के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती उमा भारद्वाज के द्वारा पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मंडल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः नवीन क्रेता श्रीमती उमा भारद्वाज के नाम पर हस्तांतरण/नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था बैंक, वृत्तिय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति /दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें बाद में प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा, नामांतरण की कार्यवाही करने के लिए मंडल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 24/08/21 को जारी किया गया।

संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र- दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली छ.ग.

//राजस्व मामले में नोटिस//

अ-6/2020-21
मामले का विषय - अपील
अपील मामला क्रमांक 05
अमर निषाद एवं 07 अन्य
ग्राम - मुंगेली, तह व जिला मुंगेली (छ.ग.)

विरूद्ध

गोकुल एवं 08 अन्य

दावा

1. गोकुल पिता स्व. पंचराम
2. बलीराम पिता स्व. पंचराम
3. बजरंग पिता स्व. पंचराम
4. तीजनबाई बेवा पंचराम
5. पार्वती बेवा नकुल
6. नवीन पिता नकुल

सभी निवासी ग्राम तिल्दा नेवरा
तह. भाटापारा जिला बलौदाबाजार, (छ.ग.)

आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 16.09.2021 को दिन के 11.00 बजे स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली पर होगी।

आज दिनांक 24.08.2021 को जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), मुंगेली (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर

// बिजली बंद की सूचना//

समस्त सामानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं के सूचित किया जाता है कि तिल्दा उपसंभाग के अंतर्गत आने वाले निम्नलिखित 132 के.व्ही. उपकेन्द्र में अतिआवश्यक सुधार कार्य किये जायेंगे इस हेतु दिनांक 02.09.2021 को सुबह 10.30 से शाम 02.30 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर एवं दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

क्र.	उपकेन्द्र का नाम	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	132/33 केही. तुलसी उपकेन्द्र	33 के.व्ही. एच.टी. फीडर	33 के.व्ही. एच.टी. कनेक्शन, अमित चावल, मुनका राइस, के.के. इंडस्ट्रीज, गोयल फूड्स केलश राइस जे.डी. इंडस्ट्रीज, चैतन्य सालवेक्स, अग्रवाल आइल इत्यादि।
2	---''---	33 के.व्ही. टोहड फीडर	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र टोहडा, हिरमी से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडरों के उपभोक्ता एवं 33 के.व्ही. एच.टी. विद्या राइस मिल, मनीष फूड्स, नटराज, पेशिव इन्फा, जबलपुर हैचरी, ऑर्केस्टेड सिस्टम, इत्यादि।
3	---''---	33 के.व्ही. ताराशिव फीडर	33/11 के.व्ही. ताराशिव, मुरा, बेलटुकरी उपकेन्द्र से निकलने वाले 11 के.व्ही. फीडर के समस्त उपभोक्ता तथा 33 के.व्ही इकोरेक्स, महालक्ष्मी स्टोन, अमेटी यूनिवर्सिटी, आई.टी.बी.मी., उमाश्री इत्यादि।
4	---''---	33 के.व्ही. जोता फीडर	33/11 के.व्ही. जोता एक बिलाडी से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर के उपभोक्ता तथा 33 के.व्ही. एच.टी. महेन्द्रा. वेन्कट पोल्ट्री, रायपुर रेफ्रा थेम, सेन्ट्रल सीमेंट, अग्रवाल विद्युत एवं हाइटेक पॉवर इत्यादि।
5	---''---	33 के.व्ही. जी. एम.आर.	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र खरोरा, भैंसा, कोसरंगी से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर के उपभोक्ता तथा 33 के.व्ही., ओम राइस टेक मोहित दाल, सी.जी. सोया, शारदा डेयरी, जगदम्बा राइस, तिरूपति राइस, पर्ल राइस, बी.पी.सी.एल. अष्ट धातु फेरो इत्यादि।

''विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराएं।''

असुविधा के लिए खेद है

''विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध है कृपया इससे बचे''
''स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए''

(शशांक श्रीवास्तव)
कर्म. संख्या 4401195
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., रायपुर

संवाद - 29745/1

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202108100400239

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री तेजुमल आहुजा आ. स्व. टुलामल आहुजा निवासी संतराबाड़ी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम अंजोरा प.ह.न. 28 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 144/17 रकबा 0.017 हें 1900 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.08.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202108100400444

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री अनिल कुमार सुकतेल आ. स्व. गयाप्रसाद सुकतेल निवासी बैजनाथ पारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 56 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 516/7 रकबा 0.0280 हें 3052 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.08.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

कमांक/ /अविअ/सा.वि.प्र./2021
भाटापारा दिनांक - 31.08.20.21

ईश्तहार

छ.ग. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की कण्डिका 9(4) के प्रावधानों छ.ग. शासन, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय महानदी भवन का पत्र क-एफ4/17-2020/29-1 अटल नगर दिनांक 22.06.2020 एवं कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) जिला बलौदाबाजार का पत्र क./547/खाद्य/सा.वि.प्र/2020 बलौदाबाजार, दिनांक 16.07.2020 के परिपालन में सेवा सहकारी समिति अर्जुनी द्वारा विकासखण्ड भाटापारा अतर्गत संचालित 06 शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन प्राधिकार को निरस्त करते हुए. निम्नानुसार 06 शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु ईच्छुक संस्थाओं से छ.ग. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के अधीन निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। इच्छुक संस्थाएं गय दस्तावेज, आवदेन पत्र दिनांक 31.0.8.2021 से दिनांक 14.09.2021 शाम 5:30 बजे तक कार्यालीन समय में प्रस्तुत कर सकते है। इच्छुक संस्थाएं उक्तावधि में लिंक cg.khadya.nic.in जनभागीदारी> शा.उ.मु. दुकान हेतु ऑनलाईन आवेदन पर जाकर ऑनलाईन आवेदन पत्र भी प्रस्तुत कर सकते है। निम्नलिखित शासकीय उचित गूल्य दुकानों के संचालन हेतु ईश्तहार प्रकाशित किया जाता हैः - 1 कुकदा, 2 बोरसी (छ), 3 टोनाटार, 4 नवागांव, 5 अमलीडीह, 6 गोढ़ी (टी.)

आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में न होने नियत समायावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र बगैर दस्तावेज के प्रस्तुत, आधे अधुरे आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 31.08.2021 को मेरे हस्ताक्षर व पदगुदा से ईश्तहार प्रकाशित किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), भाटापारा

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू, रायपुर
कामर्शियल कॉम्पलेक्स, सेक्टर-08, द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Phone No. 9685585693 Email ID-cmzone04@yahoo.com GST No. 22AAECA9783D2ZP

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत रायपुर में स्थित एल.आई.जी. भवन क्र. 172, श्री विरेन्द्र वर्मा पिता श्री भुनेश्वर प्रसाद वर्मा को ऑफर/स्ववित्तीय/भाड़ा क्रय आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया था। आबंटी द्वारा दिनांक 02.02.2021 को अपने नाम पर सेलडीड/लीजडीड पंजीकृत कराने के उपरांत उक्त भवन को वर्तमान में श्रीमती ज्ञानेश्वरी चंद्रा पति श्री गेंदलाल चंद्रा पता - खाल्हेपारा, वार्ड नं. 01, डडाईडीह, रायगढ़, तहसील व जिला रायगढ़ (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सड्डू, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-7, मुख्य डाकघर के सामने, पुराना मुख्यालय, जयस्तंभ चौक, रायपुर

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना//

नामांतरण प्र.क्र. 123/2021
वार्ड का नाम- पं. ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड- 22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड-22 वार्ड स्थित मकान/भूमि/ 22/नया (आमानाका) जो कि निगम अभिलेख में श्री जसविन्दर सिंग पिता कृपाल सिंग के नाम से दर्ज है, जिसको श्री नरेन्द्र शर्मा पिता अनुपचंद शर्मा ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 01.9.21 — जोन आयुक्त, जोन क्रमांक-7, नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-7, मुख्य डाकघर के सामने, पुराना मुख्यालय, जयस्तंभ चौक, रायपुर

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना//

नामांतरण प्र.क्र. 124/2021
वार्ड का नाम- श. मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड- 23

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श. मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड-23 वार्ड स्थित मकान/भूमि/ 23/नया (सुयश हास्पीटल के पास) जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती मौली दम्मानी पति राजकुमार दम्मानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती पिंकी धकाते पति उमाकांत धकाते ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 01.9.21 — जोन आयुक्त, जोन क्रमांक-7, नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनुराग सिंह भदौरिया पिता शिवकुमार सिंह भदौरिया निवासी ग्राम न्यू आदर्श नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 129/5 रकबा 0.027 हे. भूमि को विक्रेता श्रीकांत मनोहर राव पिता स्व. श्री मनोहर राव समर्थ निवासी ग्राम नया पद्मनाभपुर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 12.05.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.08.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती उर्वशी रामटेके पिता/पति श्री हेमंत कुमार रामटेके निवासी ग्राम बेलमाण्ड तहसील व जिला बालोद के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 377/25 का टु. रकबा 1500 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रेता श्री रविन्द्र सिंह कुशवाहा पिता श्री तेजपाल सिंह निवासी ग्राम जुनवानी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 07.07.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.08.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सरपंच ग्राम पंचायत जेवरा द्वारा ग्राम जेवरा प.ह.न. 12 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित शासकीय स्वामी खसरा नंबर 859/3 रकबा 0.80 हे. जो पूर्व में पुलिस विभाग को आबंटित किया गया था, को फिट इंडिया अभियान के तहत खेल मैदान हेतु सुरक्षित किए जाने पंचायत प्रस्ताव की नकल सहित प्रतिवेदन कलेक्टर महोद्य को प्रेषित किया गया है जो जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है, जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर व्यवस्थापन किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 13.09.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.08.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202108100400553

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका उर्मिला बघेल पति नरेन्द्र कुमार बघेल निवासी सांई नगर उरला द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 355/3/ज, 355/3/घ रकबा 0.038 हें 4200 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.08.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202108100400523

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका भावना अग्रवाल पति अशोक कुमार अग्रवाल निवासी शिव मंदिर के पास बड़ा नाला द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम दुर्ग प.ह.न. 24 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1264/15, 1264/59 रकबा 0.004, 0.004 हें 800 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.08.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग - नारायणपुर
मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

क्रमांक/484/निविदा/व.ले.ले./ग्रा.यां.सेवा/21-22 — नारायणपुर, दिनांक 26.08.2021

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न निर्माण कार्य हेतु निविदा दिनांक 10.09.2021 तक आमंत्रित की जाती हैः-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रुपये लाख में)	निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
1	जिला नारायणपुर में जिला व्यापारी संघ के लिये भवन निर्माण	24.14 लाख	10.09.2020 (शाम 5.00 बजे तक)
2	जिला नारायणपुर में गोंडवाना समाज के लिये ऑडिटोरियम निर्माण	41.19 लाख	

2. उक्त निर्माण कार्यों की निविदा सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी दिनांक 28.08.2021 से विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/resworks से भी डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नारायणपुर

जी-63290/4

गरियाबंद विकास योजना 2031 प्रारूप का प्रकाशन

- आगामी 10 वर्षों को ध्यान में रखकर सुनियोजित तरीके से बसाने प्रस्ताव
- दावा-आपत्ति व सुझाव 30 सितम्बर तक आमंत्रित

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। गरियाबंद विकास योजना 2031 प्रारूप का प्रकाशन आज अधिकारियों, जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों के मौजूदगी में किया गया। योजना अंतर्गत आगामी 10 वर्षों के लिए योजना बनाकर गरियाबंद नगर पालिका को विकसित और सुनियोजित तरीके से बसाया जायेगा। इसके अंतर्गत वर्तमान जनसंख्या भूमि की उपलब्धता व अधोसंरचना को ध्यान में रखते हुए विकास एवं भूमि उपयोग के लिए प्रारूप प्रस्तावित किया गया। जिसके लिए आज दावा -आपत्ति हेतु 30 सितम्बर तक समय-सीमा निर्धारित कर में आमंत्रित किया गया। निवेश अंतर्गत कोई भी सुझाव एवं दावा-आपत्ति जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 01 में जमा किया जा सकता है। इसके अलावा आम जनता के निरीक्षण के लिए संभागीय आयुक्त कार्यालय रायपुर, कलेक्टर कार्यालय जिला गरियाबंद, संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर एवं नगर

पालिका परिसर कार्यालय गरियाबंद में इसकी प्रति चस्पा किया गया है।

आज यहां जिला कार्यालय में गरियाबंद विकास प्रारूप प्रकाशन के संबंध में बैठक आयोजित की गई, जिसमें गरियाबंद नगर पालिका के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, पार्षदगण, एल्डरमेन, एवं आस-पास के 09 गांव - नहरगांव, कोकड़ी, पाथरमोंहदा, भिलाई, मजरकट्टा, आमदी, पारागांव, डोंगरीगांव तथा केशोडार के जनप्रतिनिधि एवं नागरिक शामिल हुए।

गरियाबंद विकास योजना प्रारूप में वर्ष 2031 तक के विकास योजना को शामिल किया गया है। बैठक में प्रस्तुतिकरण के माध्यम से वर्तमान निवेश क्षेत्र की स्थिति को दर्शाते हेतु आंकलन किया गया है। बताया कि वर्तमान में आवास के लिए 43.14 प्रतिशत क्षेत्र का उपयोग किया गया है। वहीं वाणिज्यिक गतिविधि के लिए 4.32 प्रतिशत तथा परिवहन के लिए 19.18 प्रतिशत, औद्योगिक के लिए 7.36 प्रतिशत आंकलन किया गया है। इस क्षेत्र में आमोद-प्रमोद के लिए 13.79 प्रतिशत भूमि का उपयोग प्रस्तावित किया गया है। प्रस्ताव में परिवहन विस्तार जैसे- बाई-पास सड़क, पर्यटन विकास, कृषि वन आधारित उद्योग आदि को शामिल किया गया है। नगर एवं ग्राम निवेश क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के उप संचालक भानूप्रताप पटेल ने बताया कि इस प्रारूप के प्रकाशन के पश्चात 30 दिन के निर्धारित अवधि तक दावा-आपत्ति आमंत्रित किया गया है। दावा-आपत्ति के निराकरण के पश्चात आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ होगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर जे.आर. चौरसिया, सहायक संचालक ऐश्वर्य जायसवाल सहित नगर एवं ग्राम निवेश रायपुर कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

गुरजीभाटा डेंडूपदर के सरपंच सचिव द्वारा 14वें वित्त मद से खर्च किए राशि की जांच की मांग

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। इन दिनों 14वें वित्त के गाइडलाइन का पालन नहीं कर राशि की मनमानी तरीके से पंचायत के सरपंच सचिव द्वारा खर्च करने का मामला बढ़-चढ़कर सामने आ रहा है।जिसका मुख्य कारण अधिकारियों की जमीनी स्तर से गायब होने को माना जाता है। ऐसे ही अधिकारियों की अनदेखी से गुरजीभाटा (ए) और डेंडु पदर पंचायत के सरपंच सचिव पर 14वें वित्त मद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया जा रहा है। बकायदा इसकी शिकायत कर जांच और कार्यवाही की मांग भी हो रही है। अन्यथा कार्यालय घेराव कर आंदोलन करने की चेतावनी ग्रामीणों द्वारा दिया जा रहा है। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत गुरजीभाटा ए के जिम्मेदारों ने सामुदायिक भवन निर्माण के नाम पर डेढ़ लाख नाली निर्माण के लिए 200000 एवं सड़क समतलीकरण हेतु 28000 नाम बोर्ड के लिए 20000 रुपए आहरण बताया है

इसके साथ अन्य कार्य के नाम पर भी हजारों रुपए निकाल लिया गया जिनमे अधिकांश कार्य नहीं होना बताया जाता है। इसी तरह डेंडु पदर सचिव ने भी 14वें वित्त गाइडलाइन की धज्जियां उड़ाते हुए व्याय करने का आरोप लगाया जा रहा है। सभी गली मोहल्ला सहित बस्ती गंदगी से पसरा होता है । इसके साथ दोनों पंचायत पर शुद्ध पेयजल के लिए भी व्यवस्था नहीं करने की बात कही जाती है । सरकार से आवंटित राशि में से ज्यादातर राशि का आहरण हो चुका है। लेकिन ग्रामीणों के अनुरूप कार्य नहीं होना शासकीय राशि का बंदरबांट करने की ओर इशारा करता है । शायद यही वजह है। कि ग्रामीणों में पंचायत प्रतिनिधियों के खिलाफ खासी नाराजगी देखने को मिल रहा है। क्योंकि गली मोहल्ला सहित नलकूप में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। लेकिन जिम्मेदार सरपंच सचिव सफाई को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है । ग्रामीण को भी समझ नहीं आ रहा है। कि वह कोरोना जैसी महामारी से लड़े या फिर घर घर के बाहर पड़ी गंदगी से होने वाली बीमारियों का मुकाबला करें ।क्योंकि अधिकांश ग्रामीण गंदगी के चलते डायरिया मलेरिया बुखार बीमारी का शिकार होते हैं। जिनका उपचार भी मुश्किल होता है। क्योंकि यह पंचायत मुख्यालय से कोसों दूर में बचा हुआ है। सबसे

> जो कार्य योजना में लिया गया है उसी के अनुसार ही कार्य किया गया है
>
> **कुरसोराम नागेश,** ग्राम पंचायत गुरजीभाटा सचिव

खास बात तो यह है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत साफसफाई के नाम पर इस पंचायतों में लाखों रुपया आहरण करने की बात कही जा रही है। फिर भी गंदगी से भरा गली मोहल्ला देख जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा होता है ।की आखिरकार राशि निकालने के बाद।

किसानों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं - आशीष छाबड़ा

बेमेतरा । सर्वदलीय सर्व समाज द्वारा आयोजित ग्राम नेवनारा में लगने वाले स्पंज आयरन एवं प्रदूषण युक्त उद्योगों को क्षेत्र से बाहर रखने संबंधी बैठक में भाग लेते हुए बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि बेमेतरा जिला कृषि आधारित जिला है तथा अन्य जिलों के अपेक्षा प्रदूषण रहित हैं। क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योग नहीं हैं, क्षेत्र की जनता का मुख्य साधन कृषि हैं। ऐसे में अगर बेमेतरा क्षेत्र में कोई उद्योग लगता हैं, तो वह कृषि से संबंधित ही हो। बेमेतरा विधायक श्री छाबड़ा ने कहा कि यह बैठक कोई राजनीतिक बैठक नहीं हैं, ना ही कोई राजनीतिक मंच हैं। यह बैठक अपने आने वाले कल को बचाने के लिए रखी गई हैं। मैं इस बैठक में इस बात की घोषणा करता हूं कि जब भी उद्योगों के संबंध में जनसुनवाई होगी मैं सबसे आगे रहूंगा। जो बड़े उद्योगपतियों द्वारा लगाए जाने वाले प्रदूषण युक्त उद्योगों का विरोध करो करूंगा, मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि मैं किसानों के साथ खड़ा हूं और मैं यह भी बताना चाहता हूं कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी किसान हैं जो किसानों के दर्द को समझते हैं, हम उनके समक्ष अपनी बातों को रखेंगे मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे मुखिया हमारे साथ न्याय करेंगे बेमेतरा क्षेत्र हरा भरा कृषि और किसानी का क्षेत्र हैं। इसमें किसी भी प्रकार के प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को लगने नहीं दिया जाएगा। हमारी पहली प्राथमिकता क्षेत्र की जनता का स्वास्थ्य हैं, इस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

प्रदेश रोजगार सहायक संघ के अध्यक्ष बने राधेश्याम कुर्रे

खरोरा। छत्तीसगढ़ ग्राम रोजगार सहायक संघ के तत्वावधान मे 29 अगस्त रविवार को कलेक्टर गार्डन रायपुर मे बैठक आहूत की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश ग्राम रोजगार सहायक संघ ने मतपत्र (चिट)से चुनाव करके नये अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष व सचिव का निर्वाचन किये। जिसमे अध्यक्ष-राधेश्याम कुर्रे,उपाध्यक्ष-संतोष कश्यप व सचिव-निलेश वैष्णव चुने गये। ज्ञात हो कि पूर्व पदाधिकारियों मे अध्यक्ष-संतोष सोनवानी,उपाध्यक्ष-संजय सोनवानी व सचिव भीखम साहू थे। नये पदाधिकारियों की चुनाव मे पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सोनवानी की उपस्थिति व प्रदेश के अन्य जिलों से आए हुए जिम्मेदार पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सहमति से नये पदाधिकारियों का चयन किया गया। चयनित नये पदाधिकारियों को प्रदेश ग्राम रोजगार सहायक संघ ने बधाई देते हुए संघ के प्रति पूरी निष्ठा भाव व अपने कर्तब्यों का निर्वहन करते हुए संघ को गति प्रदान करने कहा।

जन्माष्टमी के अवसर पर गौरखेड़ा में हुए विविध कार्यक्रम

खरोरा। अंचल में भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के रूप में बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कृष्ण के बालस्वरूप की पूजा अर्चना की गई। क्षेत्र के मन्दिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जहां भक्त कान्हा जी के दर्शन किए। जगह-जगह दिन भर विविध कार्यक्रम भी हुए। इसी तारतम्य में ग्राम गौरखेड़ा में भी छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के रायपुर युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रोशन यादव व श्री राधे कृष्णा यादव युवा संगठन के विशेष सहयोग से जन्माष्टमी पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाजे-गाजे के साथ भव्य रैली निकालकर गली भ्रमण किए। साथ ही मटका फोड़, कुर्सी दौड़, दही लूट, चम्मच बांटी दौड़, बोरा दौड़,लोटा दौड़ सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनेक स्थानों पर कृष्ण गीतों पर आधारित भजन व नृत्य कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। लोगों ने व्रत रखे व घर में तरह-तरह की मिठाइयां बनाई। भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर प्रसाद भी वितरित किया गया। और दिनभर लोग कृष्ण भजनों पर झूमतें रहे। इस अवसर पर अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। देर रात्रि तक भजन संध्या के साथ भगवान कृष्ण जन्मोत्सव आतिशबाजी,पुष्प वर्षा के साथ मनाई गई। इस मौके पर भगवान श्रीकृष्ण को पालने में रखकर उन्हें झुलाया गया और विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई।

साजा में हो रहा सफल वेक्सिनेशन

साजा । नगर व ब्लाक मुख्यालय साजा में लगातार वेक्सिनेशन हो रहा हैं। वेक्सिनेशन सेंटर नगर के शासकीय बालिक हाई स्कूल को बनाया गया हैं। जहां पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लगातार आम जनता व क्षेत्रवासियों का वेक्सिनेशन सुचारु रूप से किया जा रहा हैं। बीएमओ एके वर्मा ने बताया कि पूरे ब्लाक में वेक्सिनेशन का कार्य किया जा रहा हैं। अब तक लगभग 55 हजार डोज लगाया जा चुका हैं। वेक्सिनेशन का कार्य स्वास्थ्य केंद्रों, ग्राम पंचायतों, स्कूलों आदि में शांति पूर्ण ढंग से किया जा रहा हैं। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक वेक्सिनेशन का कार्य कर रहे हैं। जिला मुख्यालय से प्राप्त आपूर्ति के अनुसार को वेक्सिन व कोविशिल्ड लोगों को लगाया जा हैं। प्रथम व द्वितीय डोज मिलान कर वेक्सिनेशन किया जा रहा हैं।

दही लूट आयोजन में शामिल हुए संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे

नवागढ़/बेमेतरा । श्री कृष्णा जन्माष्टमी के पावन अवसर पर नवागढ़ नगर में बड़े ही धूमधाम से दही लूट एवं भगवान श्री कृष्ण की विशाल झांकी शोभायात्रा में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे की उपस्थिति में पुरे भक्ति भाव से पुरे नगर में निकाली गई। कार्यक्रम के आयोजक समिति श्री कृष्णा सेवा समिति के बैनर तले प्रतिवर्ष के अनुसार आयोजित किया गया, गत वर्ष कोरोना महामारी के कारण किसी भी प्रकार की झांकी और दही लूट कार्यक्रम का आयोजन नही किया गया था, इस बार भी प्रशासन द्वारा सामान्य रूप से कार्यक्रम को आयोजित करने की बात कही गई थी, जिस कारण से आयोजक समिति द्वारा नगर से बाहर के अन्य रामधुनी टोली वालों को न्यौता नही दिया गया था, प्रतिवर्ष इस भक्तिमय आयोजन में विभिन्न स्थानों के 40 से भी अधिक टोली इस कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को और भव्य रूप प्रदान करते रहे है। आयोजक समिति के सदस्य हेमकांत यादव, अमित जैन, टिकमपुरी गोस्वामी ने बताया की प्रशासन के द्वारा दिए गए निर्देश का पालन करते हुए बहुत ही थोड़े स्वरूप में मनाया गया। जिसमें नगर के हजारों लोगों ने भगवान श्री कृष्णा, बलराम के द्वारा अपने बाल गोपालों के साथ नगर के विभिन्न स्थानों में लगाये गए दही हांड़ी को फोड़ते हुए पुरानी नल टंकी के पास से शुरू हुआ। झांकी बीच बस्ती से होकर बस स्टैंड से होकर राम मंदिर में भगवान के दर्शन पश्चात समाप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे, नगर पंचायत अध्यक्ष तिलक घोष, उपाध्यक्ष आशाराम ध्रुव, विकास धर दिवान, एल्डरमैन अमित जैन, रूप प्रकाश यादव, वीरेंद्र जायसवाल, पार्षद नैना कुर्रे, हेमंत सोनकर, रमेश निषाद, देवादास चतुर्वेदी, मनीष साहू, अंशु केशरवानी, मिंटू, बिसेन, रामखेलावन निषाद, बबलू ताम्रकार, लक्ष्मीचंद जैन, गिरीश पुरी, कन्हैया भोई, पंचू यादव, गुनी रजक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सीएम बघेल के नाम से...

बघेल ने इस एप में अपने से संबंधित जानकारी दर्ज कर एप के माध्यम से गणना हेतु सर्वे कार्य का प्रदेशव्यापी शुभारंभ किया।

उन्होने कहा कि पूरे प्रदेश में सर्वे के लिए 5549 सुपरवाईजर नियुक्त किए गए हैं। जिनमें से शहरी क्षेत्रों में 1103 तथा ग्राम पंचायत क्षेत्रों में 4446 सुपरवाईजरों की नियुक्ति की गई है। मोबाइल एप को इंस्टाल करने के बाद एप में आवेदक को पंजीयन करना होगा।

डाटा सर्वर में हो जाएगा सुरक्षित

आवेदक के क्षेत्र में अधिकृत सुपरवाईजर को जैसे ही आवेदक की जानकारी मिलेगी, वह उसका सत्यापन करेगा। इसके बाद डाटा सर्वर में सुरक्षित हो जाएगा। यही डाटा राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की गणना में सहायक होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, कलेक्टर रायपुर सौरभ कुमार, चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समीर विश्नोई, छत्तीसगढ़ क्वांटिफिएबल डॉटा आयोग के सचिव बी.सी.साहू बैठक में उपस्थित थे।

उच्च न्यायलय के आदेश...

एक अध्यादेश जारी करके अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया गया था। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए भी 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था।

उन्होने कि कहा कि राज्य शासन के इस निर्णय को कुछ लोगों ने अदालत में चुनौती दी, जिसके बाद माननीय उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के इस निर्णय के क्रियान्वयन पर स्थगन देते हुए राज्य शासन को क्वाइंटिफिएबल डेटा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद उच्च न्यायलय के आदेश के परिपालन के लिए, और आरक्षण के प्रावधानों को विधिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए क्वाइंटिफिएबल डाटा आयोग का गठन किया गया है।

मप्र हाई कोर्ट...

आदेश जारी करने से इनकार किया है। कोर्ट ने कहा है कि सभी याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई करने के बाद फैसला लेंगे।

सीएम भूपेश का ...

जवाब दिया।

मुख्यमंत्री बघेल ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के विभिन्न हितग्राहियों से चर्चा कर हितग्राहियों को योजना से मिले लाभ की जानकारी ली और उन्हें योजना के नये प्रावधानों की जानकारी दी। प्रदेश में आज से राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत हितग्राहियों का पंजीयन भी शुरू हुआ है। सीएम बघेल ने इस योजना के हितग्राहियों से उनके पंजीयन के लिए आवेदन फार्म लिए। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को बताया कि जिनके पास जमीन नहीं है उन्हें भी राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया जाएगा। भूमिहीन कृषि मजदूरों को सालाना 6 हजार रूपए की अनुदान राशि उनके खाते में जमा कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने भूमिहीन मजदूरों से इस योजना का लाभ लेने के लिए अपना पंजीयन कराने की अपील की।

चिंतन शिविर में दिखा...

इस बैठक में बीजेपी के 15 साल की सरकार होने के बावजूद 2018 में हुई हार को लेकर मंथन की जा रही है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा फिर से प्रदेश की सत्ता में काबिज हो सके।

ये सारे आरोप उन्होंने जगदलपुर में प्रेस कांफ्रेंस में कहे। इस दौरान उनके साथ पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साई समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस दौरान डी पुरंदेश्वरी ने ढ़ाई साल का वक्त गुजर गया है, बचे ढ़ाई सालों में किन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाना है। विपक्ष को किस तरह घेरना है, जैसी कई मुद्दों पर गहरी मंथन कर युवाओं को उस ओर बढने के निर्देश दिया, इसकी जानकारी दी।

राज्य में ढ़ाई सालों में 500 किसानों ने की आत्महत्या

डी पुरंदेश्वरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कहते हैं कि मैं किसान का बेटा हूं और 2500 रुपए समर्थन मूल्य की राशि किसानों को दी जा रही है। लेकिन इसी राज्य में ढ़ाई सालों में 500 किसानों ने आत्महत्या की है। किसान धान बीज के लिए परेशान है। बिजली कटौती से परेशान है। उन्होंने कहा कि घोषणा पत्र में बेरोजगारों को भत्ता देने की बात थी लेकिन ये आज तक नहीं दिया गया। पीएससी में भ्रष्टाचार हो रहा है। सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया है। बीजेपी की प्रदेश प्रभारी ने कहा कि बिजली बिल हाफकरने का वादा किया था लेकिन अब टैरिफ बढ़ा दिया, ये कैसा न्याय है?

कई अहम लोग मौजूद नहीं

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी ने भले ही बैठक में कई भाजपा नेताओं के नाम छूटने के सवाल का बेहद ही अनौपचारिक जवाब दिया, लेकिन सच्चाई तो ये है कि इस बैठक में भाजपा के पितृ पुरूष लखीराम अग्रवाल के बेटे अमर अग्रवाल को नहीं बुलाया गया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202108100400556

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका भुनेश्वरी देवांगन पति स्व. खलेश देवांगन निवासी संतोषी पारा भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 298/24 रकबा 0.0195 हें 2100 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.08.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202108100400552

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका चंद्रकला उके अन्य 01 पति टोलीराम उके निवासी उरला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 584/9 रकबा 0.009 हें 1000 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.08.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202108100400543

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका चंद्रकला उके अन्य 01 पति टोलीराम उके निवासी उरला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 584/8 रकबा 0.180 हें 2000 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.08.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202108100400514

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका ममता जैन पति प्रशांत जैन निवासी सेक्टर-6 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 680/37 रकबा 0.022 हें 2400 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.08.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

केनरा बैंक Canara Bank — शाखा: जी.ई. रोड, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) फोन : 0771-2445439/2420960

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)

[illegible]

क्र. सं.	ऋणी का नाम	कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना राशि	मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना तिथि
1.	श्री दिलीप कुमार पासवान पिता- बालकिशुन राम पासवान.	फ्लैट ईडब्ल्यूएस 11, ब्लॉक-15, द्वितीय तल, खसरा नं. 331/1, 420, 425, 446/1, 450,451,454,418,423,424, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कालोनी, विधायक कालोनी के पीछे, पुरैना, प.ह.नं. 113, आरआईसी- रायपुर (छ.ग.), क्षेत्रफल- 321.61 वर्गफिट में स्थित संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दी: उत्तर की ओर- ईडब्ल्यूएस ब्लॉक-16, दक्षिण की ओर- ईडब्ल्यूएस फ्लैट 15/12, पूर्व की ओर- ईडब्ल्यूएस फ्लैट 15/10, पश्चिम की ओर- निजी भूमि।	₹ 80,57,00.81/- ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ।	19.05.2021 / 31.08.2021
2.	श्रीमती रंजीता पटेल पति- श्री महेन्द्र कुमार पटेल.	खसरा नं. 921/4, प.ह.नं. 5, आरआईसी- भिलाई 3, मकान नं. 152, वार्ड नं. 19, वैभव पोल्ट्री फार्म, खुड़मुड़ा रोड, सर्विस स्टेशन के पास, ग्राम- अमलेश्वर, तहसील- पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.), क्षेत्रफल- 6000 वर्गफिट में स्थित संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दी: उत्तर की ओर- सड़क, दक्षिण की ओर- गणेश साहू की भूमि, पूर्व की ओर- मनोहर की भूमि, पश्चिम की ओर- आनंदराम की भूमि।	₹ 36,25,762.66/- ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ।	19.05.2021 / 31.08.2021

दिनांक : 31.08.2021, स्थान: रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

सिम्मी अली महिला कांग्रेस की शहर उपाध्यक्ष मनोनीत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती फुलोदेवी नेताम के निर्देश पर राजनांदगांव शहर महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीमती रोशनी सिन्हा के अनुशंसा पर सिम्मी अली को शहर उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया, क्योंकि यह पद श्रीमती कृति साहू को मिला था, जिन्होंने अपनी परिवारिक कारण के वजह से यह पद छोड़ दी थी, इसलिए लंबे समय से यह पद रिक्त था इसके जगह में सिम्मी अली को जिला शहर उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके मनोनयन से शहर के तमाम कांग्रेसी गन उसे शुभकामनाएं व बधाई दी।

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में हुआ इंडस्ट्रीया-2021 का भव्य आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। खमरिया,भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में कॉमर्स व ह्यूमैनिटी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा 'इंडस्ट्रीया-2021' का आयोजन बहुत ही उत्साह से किया गयाद्य इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा की एक स्ट्रीम के रूप में कॉमर्स को व्यापार और व्यावसायिक गतिविधियों के अध्ययन अनुसंधान और साथ ही बाजार से संबंधित सभी नए ट्रेंड के विषय में समाज को जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शाला की प्रधानाचार्या श्रीमती ऋतु रजनीश तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शाला प्रबंधक सुमन घोष थे। साथ ही विद्यालय के वरिष्ठ समन्वयक पवन केशरवानी एवं कनिष्ठ समन्वयक सिद्धार्थ अग्रवाल भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति में पांच कंपनियों के विषय में जानकारी दी जिसमें पहले क्रम पर भिलाई स्टील प्लांट दूसरा टाटा स्टील तीसरा अडानी ग्रुप चौथा टिस्को और पांचवा अमूल कंपनी थी। विद्यार्थियों की प्रस्तुति के दौरान शंकाओं का समाधान भी देखने को मिला। इस कार्यक्रम का संचालन शाला के कॉमर्स व ह्यूमैनिटी विभाग के शिक्षक कामेश वर्मा द्वारा बहुत ही शानदार तरीके से किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई यह कार्यक्रम बहुत ही रोचक और ज्ञानवर्धक रहा।

डॉ सुधाकर शर्मा ने मरीज के पैरों की नसों में वापस लायी ताकत

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम केसला की रहने वाली नर्मदा बाई पिछले 5 साल से गर्दन और कमर दर्द से परेशान थी। दर्द बढ़ने के बाद पैरों मे सूजन झुंझुनी, सुन्नपन आने लगी और चलने की ताकत भी कम हो गयी। चिकत्सकीय इलाज के बाद गर्दन और कमर की नस दबना बताया गया। दर्द की दवाइयों और इलाज के बाद आराम नहीं हो रहा था। भाटापारा के सदर बाजार स्थित शारदा हॉस्पिटल के डॉ सुधाकर शर्मा से इलाज के बाद नसों का दर्द और सुन्नपन नब्बे प्रतिशत कम हो गया। कोरोना के बाद भी लोगों मे नस दर्द की परेशानी बढ़ी है।

शोभा सोनी की स्मृति में भाजपा द्वारा सेवा के विविध आयोजन होंगे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगाँव की राजनीति में कम समय मे अपना विशिष्ट स्थान बनाने वाली पूर्व महापौर श्रीमती शोभा सोनी की प्रथम पुण्यतिथि आज जिला भाजपा द्वारा विविध आयोजनों के माध्यम से मनाई जाएगी। जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव के अनुसार वैश्विक महामारी कोरोना के संकट काल में राजनांदगांव की कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए दवाई, भोजन, ऑक्सीजन जैसे आवश्यकताओं की सेवा करते हुए खुद संक्रमित हो गई और अपने प्राणों का बलिदान देने वाली पूर्व महापौर, पूर्व पार्षद, पूर्व प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं समाज कल्याण बोर्ड पूर्व अध्यक्ष छग शासन भारतीय जनता पार्टी की कर्मठ नेत्री स्व. श्रीमती शोभा सोनी की प्रथम पुण्यतिथि पर विविध कार्यक्रम आयोजित हैं। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज सुबह 10 बजे मेडिकल कॉलेज में मरीजों को फल वितरण किया जाएगा। तत्पश्चात सुबह 11 बजे वार्ड नंबर 17 के कार्यकर्ताओं एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा वृद्धा आश्रम में भोजन वितरण किया जाएगा। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी एवं दोपहर 1 बजे भाजपा महिला मोर्चा द्वारा रक्तदान का कार्यक्रम वार्ड नंबर 17 बौद्ध विहार में आयोजित किया जाएगा और अंतिम कार्यक्रम के रूप में शाम 7 बजे व्यापारी प्रकोष्ठ के द्वारा शहर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक में मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी जाएगी। उक्त कार्यक्रम पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किए जाएंगे। भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी कमल सोनी ने बताया कि इस अवसर पर राजनांदगांव उत्तर, दक्षिण, मंडल, ग्रामीण मंडल के सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य राजनांदगांव में निवासरत सभी मोर्चों एवं प्रकोष्ठ के प्रदेश, जिला एवं मंडल के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य पार्षदगण, जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य सहित सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अपेक्षित है।

बीस सूत्रीय क्रियान्वयन की बैठक में नदारद रहे अधिकारी, सदस्यों ने जताई नाराजगी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर जिला राजनांदगांव के निर्देशानुसार प्रशानिक कसावट हेतु माह के 1 सितंबर को 20 सूत्रीय क्रियान्यवन समिति की बैठक आयोजन किये जाने हेतु निर्धारित किया गया है, जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों को उपस्थित होने आदेश किया गया है। बावजूद इसके आज की बैठक में मात्र 3 से 4 विभाग के अधिकारी ही उपस्थित हुए, जिसमें सदस्यों ने जमकर नाराजगी जताया तथा तत्काल इसकी शिकायत कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से किया। अधिकारियों का इस तरह से आदेश का अवहेलना करना जिला प्रशासन की लापरवाही व कमजोरी को प्रदर्शित करता है। अधिकारियों की अनुपस्थिति कलेक्टर के आदेश के विरुद्ध है, यदि अधिकारी बैठक में अपनी उपस्थिति नहीं देते है, तो बैठक का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। समिति के सदस्य में सरपंच संघ अध्यक्ष नोमेश वर्मा, योगेंद्र वैष्णव, योगेश निर्मलकर, टाकेश सिन्हा उपस्थित रहे।

पेड़ की डंगाल गिरने से सिर फटा था डीएसपी का, टांके लगे, हाल जानने पहुंचे एसपी,बढ़ाया हौसला

नवप्रदेश संवाद्दाता

ड्यूटी को लेकर कर्मठता

बालोद। जिले में नवपदस्थ डीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी अपनी ड्यूटी को लेकर कर्मठता और जाबाजी को लेकर चर्चा में आ गए हैं। वह इसलिए क्योंकि वे ड्यूटी के दौरान खुद के सिर पर पेड़ की डंगाल टूटकर गिरने से सिर फटने से घायल हो गए थे। लेकिन इसके बाद भी उन्होंने ड्यूटी के प्रति अपनी जवाबदारी पूरी की।

सिर फटा टांके लगे पर हालातों से हार नहीं मानी और इलाज करवा कर ठीक भी हो रहे हैं। उनकी स्थिति में पहले से सुधार आया है तो वहीं इस ड्यूटी के प्रति कर्मठता को लेकर पुलिस प्रशासन के कप्तान सदानंद कुमार ने भी उनका हौसला बढ़ाया है। तो जिला प्रशासन ने भी उनके इस हौसले की सराहना की है। घायल डीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी का हालचाल जाने के लिए जिला अस्पताल में स्वयं एसपी व अपर कलेक्टर एके वाजपेई सहित अन्य अधिकारी भी पहुंचे। उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

इस तरह हुई थी घटना

सोमवार को सर्व आदिवासी समाज द्वारा झलमला चौक में आर्थिक नाकेबंदी के दौरान धरना दिया जा रहा था। शाम 5 बजे के लगभग अचानक पीपल पेड़ की शाखा टूटकर ड्यूटी में तैनात डीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी के ऊपर गिर गई। जिससे डीएसपी श्री चतुर्वेदी गंभीर रूप से घायल हो गए।

जिसके बाद उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार डीएसपी के सिर पर ज्यादा चोट लगी है। लगभग 8 से 10 टांके भी लगे हैं। वही घटना के बाद आसपास अफरा-तफरी मच गई थी। प्राथमिक इलाज के बाद डीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है तो वही घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस कप्तान सदानंद कुमार, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, एएसपी डीआर पोर्ते एवं बालोद थाना प्रभारी मनीष शर्मा जिला अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने डीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी से हालचाल जाना। प्राथमिक उपचार के बाद डीएसपी ने बताया कि वे अभी ठीक है। कुछ दिनों में वे वापस ड्यूटी पर लौट जाएंगे और फिर से मोर्चा संभालेंगे। डीएसपी के इस ड्यूटी के प्रति संवेदनशीलता की अधिकारी और जनता में भी सराहना हो रही है।

प्रदेश सरकार ने अपनी योजनाओं से सभी वर्गों को लाभान्वित किया : मुदलियार

■ इंदिरा नगर वार्ड में किया गया मुदलियार का नागरिक अभिनंदन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छग शासन युवा आयोग के अध्यक्ष जितेन्द्र आज शहर के इंदिरा नगर में पहुंचे, जहां कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सहित विजय सोनकर द्वारा श्री मुदलियार का भव्य स्वगत किया गया। इस अवसर पर इंदिरा नगर के लोगों को जन्माष्टमी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार द्वारा आज अपने जनसंपर्क के तहत इंदिरा नगर वार्ड पहुंचे। जहां वार्डवासियों ने वहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित वार्डवासियों एवं कांग्रेसजनों ने श्री मुदलियार का भव्य स्वागत किया। इंदिरा नगर के रहवासियों से मिलकर उनकी बातें सुनी एवं जन्माष्टमी उत्सव में शामिल होकर उन्हें अपनी ओर से बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर वार्डवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि छग शासन की कई योजनाएं आम जनता तक पहुंचाने का कार्य हम कांग्रेसजनों का मुख्य ध्येय है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा जनहित के कई मुद्दों के साथ साथ प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए कई कार्य किये जा रहे है। जिसका क्रियान्वयन करना हम सबका दायित्व है। मजदूर, व्यापारी, किसान, छात्र, गरीबी रेखा के नीचे आने वाले लोगों के अधिकार के लिए छग शासन द्वारा किये जा रहे कार्य आप लोगो के सामने है। कोरोना काल से लेकर अब तक सरकार ने युद्धस्तर पर अपनी योजनाओं से सभी वर्गों के लोगों को लाभान्वित किया है। इस अवसर पर श्री मुदलियार ने कहा कि आप लोगों का आशीर्वाद, स्नेह और स्वागत के लिए आभारी हूं। युवाओं के प्रति मेरी सबसे बड़ी जवाबदारी है।

छग शासन द्वारा युवाओं के लिए चलाये जा रहे योजनाओं का क्रियान्वयन मैं योजना बनाकर वरिष्ठ नेताओं के आशीर्वाद से कर रहा हूं। इस अवसर पर वार्ड में सैकड़ों की संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष चेतन भानुशाली, अल्प संख्यक अध्यक्ष राजिक सोलंकी, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, शहर अध्यक्ष विरैन्द्र चंद्राकर, शाहिद रजा, वार्ड के वरिष्ठ नेता गणेश देवांगन, ईश्वर तिवारी, तरूण सुधारक, देवेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

नाबालिक से छेड़छाड़ के आरोपी को दो धाराओं में 2-2 वर्ष का कारावास

भाटापारा/नवप्रदेश। नाबालिक के साथ छेड़छाड़, अश्लील हरकत और बाल खीचनें के आरोप में विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) भाटापारा शेख अशरफ ने टिकुलिया निवासी आरोपी हनु दास मानिकपुरी को दो धाराओं में 02 -02 वर्ष कठोर कारावास एवं आर्थिक दण्ड से दंडित किया।

विशेष लोक अभियोजक भाटापारा न्याजी खान ने इस प्रकरण के बारे मे बताया की 24 अक्टूबर 2019 को शाम 4.00 बजे जब नाबालिक पीड़िता घर मे अकेले थी तब अभियुक्त घर मे प्रवेश कर पीड़िता को अवांछनीय लैंगिक संबंध बनाने संबंधी प्रस्ताव देने के आशय से पीड़िता का हाथ-बांह, सीना पकड़कर, बाल खीचते हुए शरीरिक संबंध कर लैंगिक उत्पीड़न कर छेड़छाड़ करने लगा और उससे शादी करूँगा कहने लगा। वह डरकर अपनी बड़ी माँ को आवाज लगाई तब अभियुक्त सीढ़ी तरफसे कूदकर भाग जाना और उसकी बड़ी माँ द्वारा देखना बताई। पीड़िता ने अपने परिवार वालों के साथ थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई।रिपोरी दर्ज होने के पश्चात आरोपी को गिरफ्तार कर सम्पूर्ण विवेचना पश्चात प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। विशेष न्यायालय में न्याजी खान विशेष लोक अभियोजक ने सभी अभियोजन साक्षियों का साक्ष्य न्यायालय के समक्ष कराया गया और आरोपी को कठोर दंड दिये जाने का निवेदन किया। विशेष न्यायाधीश भाटापारा शेख अशरफ द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करते हुए अभियुक्त हनुदास उर्फ हनुदास मानिकपुरी को धारा 354 में 02 वर्ष का कठोर कारावास और 500/- आर्थिक दंड तथा धारा 451 भा. द. सं. में 02 वर्ष का कठोर कारावास व 500/- रुपये आर्थिक दंड से से दंडित किया। माननीय न्यायाधीश द्वारा पीड़िता घटना के कारण मानसिक क्षति कारित हुई है, ऐसी दशा में प्रतिकर दिलाया जाना उचित पाते हुए प्रतिकर प्रदान करते हेतु विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया गया है।

मोर जोड़ीदार-2 श्री कृष्णा टॉकिज सहित प्रदेश के13 सिनेमागृहों में 3 से

राजनांदगांव/नवप्रदेश। एन. माही फिल्म प्रोडक्शन प्रोडूसर मोहित साहू की आगामी छत्तीसगढ़ी फिल्म 3 सितंबर, शुक्रवार को प्रदेश के श्री कृष्णा राजनांदगांव सहित 13 सिनेमघरों एवं मल्टीप्लेक्स में रिलीज होगी।

सुपर स्टार दिलेश साहू और मुस्कान साहू की मोर जोड़ीदार-2, फिल्म तीजा-पोरा के खास मौके पर रिलीज होने जा रही है, बीए फर्स्ट ईयर-आई लव यू 2 फेमस हुई मोर जोड़ीदार-2 की अभिनेत्री मुस्कान साहू आज दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय है। एक्शन स्टार के रूप में दिलेश की पहचान कुछ अलग ही है मोर जोड़ीदार-2 में डिफरेंट रोमांटिक किरदार में दिखाई देंगे। अभिनेता दिलेश साहू ने लव दीवाना, मोर जोड़ीदार, रजनी, जैसी कई फिल्में की हैं, इसलिए दिलेश के फैंस भी काफी हैं उनकी फिल्मों को काफी दिनों से इंतजार भी दर्शकों को है। भिलाई के अभिनेता रियाज खान विशेष भूमिका में दिखाई देंगें। मोर जोड़ीदार-2 एन. माही फिल्म की प्रस्तुति है, इसके निर्माता-मोहित साहू, निर्देशक कथा दृपटकथा संवाद-गुलाम हैदर मंसूरी, सह निर्देशिका नेहा साहू संगीत-जितेंद्रियम देवांगन, सुनील सोनी, का है।

फाईट मास्टर आर्ट डायरेक्शन, भिलाई के करीम उल्ला खान ने बेहतरीन ढंग से निभाया है, गीतकार मुकुंद कौसल, चंद्रप्रकाश है गीतों में स्वर दिया सुनील सोनी मुनमुन चक्रवर्ती ने। फिल्म के कलाकारों की बात करें तो इसमें आपको दिलेश साहू, मुस्कान साहू, रियाज खान, शीतल साहू, योगेश अग्रवाल, पवन गुप्ता, शैल सोनी, उपासना वैष्णव, विनायक अग्रवाल, संतोष निषाद, सृष्टि तिवारी, अनूप कुमार, नवीन देशमुख, रूपेंद्र टेकाम, हनी शर्मा, दामिनी पटेल, अमरदास, कौशल उपाध्याय, करीम उल्ला, भारत, शिव कुमार और प्रियांस तिवारी जैसे कलाकार नजर आएंगे।

बस भाड़ा में भारी भरकम इजाफा यात्रियों के साथ अन्याय: टेसूलाल धुरंधर

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य टेसूलाल धुरंधर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने बस भाड़ा में एकमुश्त 25% का इजाफा कर अपने जनविरोधी चेहरा को उजागर कर दिया है।

उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पूर्व इसी प्रकार 8% बिल में बढ़ोतरी कर प्रदेश की जनता को करारा झटका दिया था और अब बस किराया में वृद्धि कर अपने गरीब और किसान हितैषी होने के कथनी और करनी के अंतर को भी दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के सभी जन विरोधी निर्णयों के विरोध में भाजपा हर स्तर पर लड़ाई लड़ने और जनता को न्याय दिलाने कृत संकल्पित है। अतः समय रहते छत्तीसगढ़ सरकार बस भाड़ा वृद्धि पर पुनर्विचार कर बढ़ाया गया यात्री किराया वापस ले।

परिवार से जुड़कर रहना सीख गए तो आप भी कहेंगे-नो टेंशन

■ तनाव प्रबंधन व लिंग समानता संवेदीकरण विषय पर हुई कार्यशाला

■ पुलिस जवानों को बताए गए तनावमुक्त जिंदगी जीने के उपाय

राजनांदगांव/नवप्रदेश। तनाव रहित जीवन तथा आत्महत्या की घटनाओं की रोकथाम के लिए जारी प्रयासों के अंतर्गत पुलिस जवानों को बताया गया किए तनावपूर्ण जीवनशैली के कितने नुकसान हो सकते हैं तथा तनावरहित जीवनशैली को अपनाकर जिंदगी को किस तरह खुशनुमा और हसीन बनाया जा सकता है। पुलिस जवानों को बताया गया किए तनाव मुक्त जीवन जीने का सबसे सरल रास्ता परिवार है। काम ज्यादा होने की वजह से हम परिवार को समय नहीं दे पाते हैं, जिससे तनाव और बढ़ता है, लेकिन इस तनाव को रोकना असंभव भी नहीं है।

पुलिस जवानों के लिए पुलिस विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। तनाव प्रबंधन व लिंग समानता संवेदीकरण विषय पर आयोजित कार्यशाला में दुर्ग रेंज आईजी विवेकानंद सिन्हा व मनोरोग विशेषज्ञ डा. प्रमोद गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित हुए। डा. गुप्ता ने पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को वर्क लोड बढ़ने से होने वाले तनाव को कम करने के उपाय बताए।

उन्होंने कहा, तनाव मुक्त जीवन जीने का सबसे आसान रास्ता परिवार है। काम ज्यादा होने से हम परिवार को समय नहीं दे पाते हैं, जिससे तनाव और बढ़ता है। इसीलिए कोशिश हो कि, काम के बीच जो भी समय अपने लिए मिले, उसे परिवार के साथ बिताएं, ताकि खुद को सुकुन मिले। इससे परिवार के सदस्य भी खुश रहेंगे। इस खुशी को देख हमारा तनाव भी कम हो सकता है। तनाव के कारण हमें बीमारियों का भी सामना करना पड़ता है, लेकिन ऐसे तनाव को हमें परिवार को समय देकर खत्म करना होगा। इसके अलावा भी डा. गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को कई तरह के गुर बताए।

वहीं लिंग समानता संवेदीकरण के तहत कार्यशाला में महिलाओं के साथ घटित अपराधों की शिकायत पर काम करने की जानकारी दी। कार्यशाला में पहुंचे दुर्ग रेंज आइजी विवेकानंद सिन्हा ने कहा, आजकल की दौड़-भाग भरी जिंदगी में मानसिक तनाव एक ऐसी बीमारी है, जिससे हर एक व्यक्ति परेशान है।

वनवासी क्षेत्र में बेहतर काम के लिए पाटेश्वर सेवा संस्थान को मिली सराहना

बालोद/नवप्रदेश। पाटेश्वर धाम के संचालक श्री राम बालक दास ने बुधवार को श्री पाटेश्वर सेवा संस्थान के सदस्यों के साथ छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके से सौजन्य मुलाकात की और विगत 26 फरवरी 2021 में पाटेश्वर धाम में आयोजित कार्यक्रम में महामहिम की उपस्थिति के लिए संस्थान के तरफ से उनका धन्यवाद ज्ञापन किया।

साथ ही श्री पाटेश्वर धाम के द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। महामहिम राज्यपाल ने भी संत श्री राम बालक दास से विगत दिनों पाटेश्वर धाम में हुए विशाल कावड़ यात्रा के बारे में जानकारी ली और हजारों की संख्या में कावड़ यात्रा में सम्मिलित हुए लोगों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पाटेश्वर सेवा संस्थान के द्वारा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में जन जागरण का बहुत ही सुंदर कार्य चल रहा है। जिसकी हम सराहना करते हैं। ज्ञात हो कि सामाजिक सद्भावना के लिए समर्पित विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन 21 अगस्त को किया गया था।

जिसमें पाटेश्वर धाम क्षेत्र एवं प्रदेश से आए हुए लगभग 1500 लोगों ने ढोकला धाम से जल लाकर श्री पाटेश्वर धाम में जलाभिषेक किया था। इस तरह का क्षेत्र में यह पहला कार्यक्रम था। श्री राम बालक दास जी ने महामहिम से छत्तीसगढ़ में सामाजिक सद्भावना को क्षति पहुंचाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा।

साथ ही आने वाले समय में श्री पाटेश्वर धाम पुनः आने का निमंत्रण भी महामहिम को दिया। जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। इस सौजन्य मुलाकात के कार्यक्रम में देव लाल ठाकुर, जयेश ठाकुर, मोरध्वज साहू, महेंद्र जायसवाल एवं सूर्यवंशी संत के साथ रहे।

कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में महापौर हेमा देशमुख शामिल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर गठुला में ग्रामवासियों द्वारा जन्माष्टमी महोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख शामिल हुई और भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर उपस्थितजनों को कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामना दी।

उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की लीला से हमे अनेक सीख मिलती है। उन्होंने सत्य पर चलने का मार्ग बताया, वे महाभारत में सत्य का साथ देकर पांडवों को कौरवों के असत्य से विजयी दिलाई तथा बुराई के प्रतीक अनेक राक्षसो का इनके द्वारा वध किया गया।

श्री कृष्ण के द्वारा दी गयी सीख जीवन की हर परिस्थिति के लिये प्रसांगिक है। कार्यक्रम में आयोजन समिति द्वारा महापौर का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इस अवसर पर एल्डरमेन श्री प्रभात गुप्ता सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में संयुक्त टीम को मिली सफलता

डकैती के नियत से फार्म हाउस में घुसे थे आरोपी, धटनास्थल पर ही पिपरिया पुलिस, दशरंगपुर पुलिस एवं सायबर सेल की टीम कैम्प कर आरोपियो तक पहुंची

- एक आरोपी एवं 04 विधि विरूद्व संघर्षरत बालक गिरफ्तार
- हत्या में प्रयुक्त लोहे का पाईप एवं हथौड़ी बरामद

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। दरम्यानी रात्रि में ग्राम इंदौरी में स्थित योगेष्वर राज के कृषि फार्म हाउस में विष्वनाथ नायर की हत्या व लूट की सूचना पर थाना पिपरिया पुलिस बल धटनास्थल पर तत्काल पहुंचकर वरिष्ठ अधिकारीयो को धटना की सूचना दिया गया, वरिष्ठ अधिकारियो के मार्गदर्षन पर स्नाईफर डॉग, एफएसएल की टीम व सायबर टीम व फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को बुलवाया गया, मृतक विष्वनाथ नायर का शव का पंचनामा कार्यवाही किया गया, तत्पष्चात श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्षन में एक विषेष टीम गठित की गई जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति मनीषा ठाकुर रावटे के नेतृत्व में उप पुलिस अधीक्षक श्रीमति मोनिका सिंह परिहार, थाना प्रभारी पिपरिया निरीक्षक कौषल किषोर वासनिक, चौकी प्रभारी दषरंगपुर उप निरीक्षक बृजेष सिन्हा व सायबर सेल की टीम को अलग-अलग कार्य में लगाया गया, दौरान विवेचना के फार्म हाउस में कार्य करने वाले लगभग 20 कर्मचारी एवं अधियारो से पूछताछ किया गया, इलाके में जितने भी संभावित सीसीटीव्ही कैमरे को चेक किया गया साथ ही आसपास क्षेत्र के छोटे बड़े अनाज व्यापारियो से पूछताछ किया

गया। ग्राम कोसमंदा, जिन्दा, इंदौरी और मिरमिटटी में मुखबिर लगाये गये थे, दिनांक-31.08.2021 को मुखबिर के द्वारा सूचना दिया गया कि कुछ लड़के गांजा के नषे में उक्त राजा बाड़ा में घटित घटना के बारे में चर्चा कर रहे है व घटना से वाकिफ होना बता रहे है, जिस पर तत्काल गठित टीम के द्वारा कार्यवाही करते हुये ग्राम मिरमिटटी के प्रेमलाल सिन्हा को घेराबंदी कर पूछताछ किया गया जिसने बताया कि वह अपने अन्य चार साथियो के साथ राजाबाड़ा इंदौरी में दिनांक-26/27.08.2021 के दरम्यानी रात्रि में लूट करने की नीयत से वहॉं गये और पोर्च के साईड से दीवार का सहारा लेकर उपर चढ़े उपर चढ़ने के बाद सीढ़ी के माध्यम से उतरे जहा पर से दो बोरी अरहर व सबमसर्बिल पम्प को लेकर बाहर निकल गये थे तब आरोपी प्रेमलाल ने पुनः सामान लूटने के लिये सभी को साथ लेकर अंदर घुसे तब वहा एक कमरे में जिसमें मृतक विष्वनाथ नायर सो रहे थे घुसे तो आहट पाकर वो उठ गये और चिल्लाने लगे कि कौन हो, क्यो घुसे हो, चोर-चोर कहकर चिल्लाने लगे, इतने में आरोपी ने अपने साथ लाये हुये लोहे के राड से मृतक के सिर पर प्राणघातक हमला हत्या करने की नीयत से मारा जिससे मृतक अचेत होकर गिर गया, इतने में सभी को इस बात का डर हो गया कि वो हम लोगो को पहचान लिया है और जिन्दा रहा तो इस डर से बाकी अन्य लोगो ने भी उसी राड से बारी बारी हमला किया। उसके उपंरात आरोपियो द्वारा मृतक के गले के सोने की चैन व नगदी रकम, मोबाईल फोन तथा कमरे से कार की चाबी व मेन चैनल गेट में लगे ताले की चाबी व अन्य चाबी को लेकर बाहर निकले तो फिर पोर्च में रखे कार में बैठकर उन लोगो ने सोचा कि डेडबाडी को कही बाहर ले जाकर छुपा देगें सोचकर गाड़ी को चालू किया और निकालने लगे जिससे गाड़ी कीचड़ में फस जाने के कारण नही ले जा पाये। लूट व हत्या में प्रयुक्त लोहे का राड व दो बोरी अरहर, सबमसर्बिल पम्प, सोने की चैन, मोबाईल फोन व नगदी रकम को पुलिस के द्वारा जप्त कर लिया गया है। आरोपियो को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

उक्त कार्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति मनीषा ठाकुर रावटे के नेतृत्व में उप पुलिस अधीक्षक श्रीमति मोनिका सिंह परिहार, थाना प्रभारी पिपरिया निरीक्षक कौषल किषोर वासनिक, चौकी प्रभारी दषरंगपुर उप निरीक्षक बृजेष सिन्हा व सायबर सेल टीम व गठिम टीम से उप निरीक्षक पी एस ठाकुर, सउनि शिवसेवक वर्मा, सउनि शुक्ला, प्रधान आरक्षक अनित मंडावी, शैलेन्द्र चंद्रवंशी, आरक्षक युगल वर्मा, राजेश जायसवाल, नारायण पटेल, विजय चंद्रवंशी, साइबर सेल से आरक्षक आकाश राजपूत, देंवनारायन, मनीष, शमशेर खान का सराहनीय योगदान रहा।

आंदोलन का समर्थन से पहले सहमति जरूरी

- वर्तमान और पूर्व अध्यक्ष आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करें
- कर्मचारी भवन के रहते होटल में बैठक निंदनीय

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा । जिले के वरिष्ठतम कर्मचारी नेताओं में से एक विद्याभूषण दुबे का कहना है कि सर्व अधिकारी कर्मचारी महासंघ का बैठक बुलाए बगैर और पदाधिकारियों से आम सहमति लिए बिना फेडरेशन के आंदोलन को सर्व अधिकारी कर्मचारी महासंघ के समर्थन का उल्लेख अध्यक्ष दिलीप चंद्रवंशी के द्वारा किया जाना अनुचित व विधि विरुद्ध है ।

श्री दुबे ने कहा है कि महासंघ के अध्यक्ष श्री चंद्रवंशी को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि कवर्धा में 1982 से संचालित महासंघ में कमल वर्मा और अनिल शुक्ला नेतृत्व वाले दोनों फेडरेशन के समर्थक संघ के लोग शामिल हैं । उन्होंने कहा कि वैसे भी यदा-कदा कुछ संघ के पदाधिकारी लोग महासंघ अध्यक्ष पद के आड़ में श्री चंद्रवंशी पर मनमानी करने का आरोप लगाते रहे हैं ।

श्री दुबे ने कहा कि यह वक्त संभल कर के चलने का है, कुछ लोग 1982 की एकता को तोड़ने में लगे हुए हैं । श्री चंद्रवंशी को यह बात भली-भांति समझना होगा ।

उन्होंने फेडरेशन के आंदोलन की समीक्षा बैठक महासंघ भवन में नहीं कराए जाने की भी आलोचना की है । उन्होंने कहा कि शहर के मुख्य स्थल में शानदार कर्मचारी भवन होने के बाद भी आनन-फानन में होटल में बैठक आयोजित करने से प्रदेश में गलत संदेश गया है। श्री दुबे ने साफ साफ शब्दों में कहा है कि सर्व अधिकारी कर्मचारी महासंघ से जुड़े हुए तमाम कर्मचारी संघों का अधिकार कर्मचारी भवन में है । जिसका उपयोग हर कर्मचारी संघ कर्मचारी हित में कर सकता है ।

प्रेस को जारी बयान में जिले के वरिष्ठ कर्मचारी नेता श्री दुबे ने महासंघ के पूर्व अध्यक्ष श्री आशीष चंदेल और वर्तमान वर्तमान अध्यक्ष श्री चंद्रवंशी को अपने-अपने कार्यकाल के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक बुलाकर आय व्यय का विवरण प्रस्तुत करने की मांग भी की है। उन्होंने श्री चंदेल से आग्रह किया है कि उनके कार्यकाल में जितने भी चल अचल संपत्ति दस्तावेज और बैठक कार्यवाही विवरण आदि की जानकारी जो भी उनके पास उपलब्ध है उसे अविलंब वर्तमान पदाधिकारियों को सौंप देना चाहिए।

मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक से 45 हजार एवं मोबाईल मेडिकल यूनिट से 41 हजार हितग्राही हुए लाभान्वित

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जिले में दुरस्थ, दुर्गम एवं पहुंच विहीन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधायें दिये जाने हेतु मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना की शुरुआत 02 अक्टूबर 2019 को शुभारंभ किया गया। जिले के ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएं हेतु मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजनान्तर्गत कोविड-19 प्रभाव के पूर्व 18 हाट बाजार क्लिनिक का संचालन किया जा रहा था। जिसमें जिले में 45 हजार 669 मरीजों की जांच कर 39 हजार 122 हितग्राहियों को दवाइयां वितरित किया गया।

वर्तमान में कोविड-19 प्रभाव की कमी को देखते हुए प्रारंभिक तौर पर माह अगस्त 2021 से विकासखण्ड मैनपुर में 07 हाट बाजार में कुल-260 हितग्राही, विकासखण्ड देवभोग में 02 हाट बाजारों में कुल 40 हितग्राही, विकासखण्ड छुरा में 02 हाट बाजार क्लीनिक फूलझर एवं नागझर में कुल- 72 हितग्राही, विकासखण्ड गरियाबंद में हरदी, आमदी व मरदाकला एवं पोटिया में कुल - 55 हितग्राहियों को लाभान्वित कर दवाइयां वितरित की गई जिसमें आज तक कुल 30 हाट बाजार क्लिनिक में से कुल 15 हाट बाजार क्लिनिक का संचालन किया जा रहा है जिसमें कुल 417 हितग्राहियों को लाभान्वित एवं दवाइयों का वितरण किया गया। शेष हाट बाजारों का संचालन अतिशीघ्र संचालित किया जायेगा।

इसी तरह जिले में 02 ग्रामीण मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन आदिवासी व सबसे दूरस्थ विकासखण्ड क्रमशः मैनपुर एवं देवभोग में किया जा रहा है। ग्रामीण मोबाइल मेडिकल यूनिट निर्धारित कार्ययोजना व रूट चार्ट के माध्यम से विकासखण्ड के ग्रामो में जाकर नियमित चिकित्सा एवं जांच की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से अब तक 41 हजार व्यक्तियों का उपचार किया गया है।

भटगांव में हर्षोल्लास से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी

भटगांव। नगर भटगांव में हर्षोल्लास के साथ कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया इस दिन नगर के लोग गली मोहल्लो में मटकी तोरन लगाकर कृष्णा चौक से निकली राधा कृष्ण की झांकी का इन्तेजार कर रहे । शाम होते ही कृष्ण राधा की स्वरुप बनकर मंडली के सदस्य राधा रानी के टोली बनाकर झांझ मंजीरे वह मांदर की थाप के संग नाचते गाते गली मोहल्लों में टंगे गए मटकी को तोड़ते हुए नगर के गली मोहल्लों में घूमे । वही लोग अपने घरों के बच्चों को सजा धजा के कृष्ण राधा का रूप बनाकर भी मटकी फोड़ कार्यक्रम मानते नजर आए । नगर के राधा कृष्ण मंदिर मैं कान्हा जी की जन्मदिन की तैयारी में लगे रहे भादो के मध्य रात्रि मैं कान्हा जी का जन्म हुआ पटाखे फूटने लगे लोगों में कान्हा जी की जयकारा गुजने लगी । हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की जयकारा जोरो सोरो दे गूंजने लगी कीर्तन मंडली द्वारा किया गया इस तरह पूरा नगर कान्हा जी के भक्तिमय वातावरण में जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

गोविंदा उत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया

कवर्धा। नगर पिपरिया में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन मंगलवार को गोविंदा-उत्सव , हर्षोल्लाष एवं धूमधाम से मनाया गया है गोविंदा की टोली बाजे-गाजे ,डीजे के साथ श्री जगन्नाथ मंदिर से निकलकर गुप्तापारा बड़ेमंदिर चौंक,छोटेबाजार ,मेनरोड , बड़ेबाजार के बाद भारतमाता चौक पहुँची ।रास्ते में जगह-जगह दही-हांड़ी लुट के लिए दही -हांड़ी की व्यवस्था लोगों द्वारा किया गया था जिसे गोविंदा की टोलियों द्वारा पिरामिड बनाकर दही-हांड़ी लुटने में सफलता प्राप्त की, कई जगह उन्हें दही -हांड़ी लुटने में कुछ दिक्कते भीआयी , दही -हांड़ी लूट का कार्यक्रम काफी देर समय तक चलते रहा , जिसे देखने बड़ी संख्या नगरवासियो के साथ- साथ लोग आसपास के गांवों से पहुचे हुए थे तथा गोविंदाओ के द्वारा दही- हांड़ी लुट का आनंद ले रहे थे ।

गुरुबालक दास की जयंती सतनाम धाम खरोरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

खरोरा। बाबा गुरु घासीदास जी के द्वितीय पुत्र सतक्रांति के अग्रदूत, राजागुरु, धर्मगुरु, सत्य अहिंसा के संदेशक बलिदानी राजा गुरु बालक दास जी की जयंती सतनाम धाम राजीव नगर खरोरा में बडी ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।जयंती के अवसर पर दोपहर को महिलाओं के द्वारा मटका फोड़ व कुर्सी दौड़ का भी आयोजन किया गया एवं सायं कालीन समय में सतनाम धाम गुरुद्वारा में परिक्रमा कर बाबा गुरु घासीदास जी व गुरु बालक दास जी के गुरुचरणों पर दीप प्रज्वलित कर मंगल आरती वंदन कर आशीर्वाद लिया। तथा बेलटुकरी से आए हुए मंगल भजन टोलियों के द्वारा बाबा जी के सतनाम संदेशों को संगीत के माध्यम से रसपान कराया गया । इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ दौवा राम बंजारे ने आयोजन के महत्व तथा समाज को कैसे संगठित किया जाए इस पर समाज के युवाओं, महिलाओं को संगठित हेतु प्रेरित किया गया तथा बाबा जी के संदेशों को उनके सतनाम आंदोलन को एवं सतनाम धर्म के बारे में विस्तार से बताया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नारी शक्ति के रूप में हेमा गिलहरे ने नारी शक्ति को जागृत करने के लिए प्रेरित किया।